धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
26.12.2024
* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 165 | 12



सन्नी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग शुरू

## न्यूज डायरी

### झुमरीतिलैया में दिनदहाड़े 20 लाख के जेवर की चोरी

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के बजरंग चौक स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों ने बुधवार को लाखों रुपये के जेवर की चोरी कर ली। पीड़िता गीता देवी ने बताया कि अलमीरा के लॉक को तोड़कर चोरों ने सोने की तीन चेन, चार जोड़ी कंगन, चार पीस कानबाली, चार सोने की अंगूठी, चार पीस पायल की चोरी की। चोरी किये गये जेवरात की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू की।

### 13 आइएएस विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** राज्य सरकार ने 13 आइएएस अफसरों को नए साल का तोहफा दिया है। इन अफसरों को स्पेशल सेकेट्री रैंक में प्रोन्नति दी गयी है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में रवि शंकर शुक्ला, नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संजीव कुमार बेसरा, अजय नाथ झा, अक्षय कुमार सिंह, मनमोहन प्रसाद, कुमुद सहाय, रवि रंजन, शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूनम प्रभावती और मनोहर मरांडी शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### कोयला लोड मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग

**पलामू।** पलामू के पूर्व मध्य रेलवे के मोहम्मदगंज स्टेशन पर बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के डिब्बे में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 7 बजे की है। स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर अमरीश भारतीय ने आग की सूचना तुरंत मालगाड़ी के चालक को दी। ट्रेन को तुरंत रोका गया और स्टेशन मास्टर सहित अन्य रेलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### अजरबैजान का प्लेन क्रैश, 42 की मौत

**नयी दिल्ली।** कजाकिस्तान में बुधवार को बड़ा विमान हादसा हो गया। यहां अजरबैजान एयरलाइंस का यात्री विमान लैंड करते समय क्रैश हो गया। अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर ( इ-190 एआर) विमान बाकू से रूस के चेचन्या जा रहा था। विमान में 67 लोग सवार थे, जिनमें से 42 लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों के मुताबिक कैस्पियन सागर तट पर कजाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास यह हादसा हुआ। भारत

### पीएम किसान सम्मान निधि में बदलाव जरूरी : धनखड़

**तेलंगाना।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए बुधवार को कहा कि कृषि और कृषि विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। श्री धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन -2024 को संबोधित करते हुए कहा कि आईसीएआर के संस्थानों के आत्म-आकलन की आवश्यकता है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 90000 रु./प्रति किलो |




## शहीद निर्मल महतो की जयंती पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# विकसित झारखंड बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता वीर शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती के अवसर पर जेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए उनकी सरकार तेजी से कार्य कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उन्हें याद करते हुये सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शत-शत नमन। अन्य ट्वीट में सीएम ने कहा है कि झारखंड की क्रांतिकारी भूमि के वीर सपूत, महान आंदोलनकारी वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर शत-शत नमन।



## लोगों ने जलाये कैंडल, प्रभु यीशू का मिला आशीष



### क्रिसमस की धूम

24 दिसंबर की रात प्रभु यीशू मसीह के जन्मोत्सव के बाद 25 दिसंबर को मसीही समाज के लोगों ने राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में क्रिसमस का त्योहार मनाया। इस दौरान मसीही समुदाय के लोगों ने केक काटा और एक दूसरे के बीच चॉकलेट बांटा। सुबह में राजधानी के सभी गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। विशेष प्रार्थना में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर ईसाई समाज के लोगों ने कैंडल जलाकर विशेष प्रार्थना की।



# खूंटी में बाइपास निर्माण को मंजूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार ने खूंटी में बाईपास सड़क निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने खूंटी बाईपास निर्माण को स्वीकृति दी है। भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा को भेजे एक पत्र में यह जानकारी दी।

**जाम से मिलेगी मुक्ति :** सांसद ने बताया कि उन्होंने 30 जुलाई को संसद में खूंटी बाईपास निर्माण का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि खूंटी मेन रोड से होकर कई औद्योगिक शहरों से भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे शहर में हर दिन जाम रहता है। हमेशा हादसे होते हैं। इस कारण खूंटी में बाईपास का निर्माण अति आवश्यक है।

**गडकरी ने किया था फोर लेन का शिलान्यास :** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 2500 करोड़ की लागत से दो सड़कों का शिलान्यास किया था। इसमें रांची से खूंटी तक फोर लेन एनएच का निर्माण, जिसमें खूंटी बाईपास भी शामिल है। यह सड़क तुपुदाना से कुंदी बरटोली तक 31.31 किलोमीटर लंबी फोर लेन है। इसके लिए टेंडर आमंत्रित किया गया थी।

# आज व कल कोहरा और धुंध, 28-29 को बारिश

### मौसम में बदलाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 दिसंबर को सुबह हल्के दर्जे की धुंध और कोहरा छाया रहेगा, जबकि 28 और 29 दिसंबर को कई जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना है।



### कई जिलों में बारिश का दिखेगा असर

मौसम विभाग ने 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना जतायी है। 28 को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में बारिश हो सकती है। जबकि 29 दिसंबर को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना है।

# राष्ट्रपति आज 17 बच्चों को करेंगी सम्मानित

## पीएम मोदी सुपोषित पंचायत योजना का करेंगे उद्घाटन

### वीर बाल दिवस आज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 बच्चों को प्रदान करेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी सुपोषित पंचायत योजना का उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर बताया कि भारत के बच्चों की उपलब्धियों और सामर्थ्य को सम्मानित करने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी, जिनमें 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 17 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार समारोह में 7 श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 7 लड़कों और 10 लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बच्चों के संघर्ष, उनकी मेहनत और सफलता को सराहने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण सुरक्षा को मजबूती से बढ़ावा देना है।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली परियोजना का किया शिलान्यास

# 100वीं जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो की परिकल्पना हुई साकार

- इस परियोजना में बेहतर जल प्रबंधन और औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जलापूर्ति से औद्योगिक विकास और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री देशरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पीएम मोदी ने बुधवार को देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया। स्व. वाजपेयी जी की जयंती पर यह परियोजना बड़ी सौगात मानी जा रही है। पीएम मोदी ने खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया। यह देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है।



इस मौके पर मोदी ने दिवंगत पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी भी किया। खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि पूजन किया।

बता दें कि केन और बेतवा नदियों को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। बेहतर जल प्रबंधन और औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। फसलों के उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे। बेहतर जल प्रबंधन और औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा।

इस अवसर पर एमपी के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल समेत कई सांसद और मंत्री मौजूद थे।

## काबुल ने कहा, बदला लेंगे

### अफगान पर पाकिस्तान का हमला, 46 की मौत

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में पाकिस्तानी सेना द्वारा की गयी बमबारी में कम से कम 46 लोग मारे गये हैं। इनमें से ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। अफगान की तालिबान ने अपने पड़ोसी मुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक तालिबान के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बुधवार को बताया कि अफगानिस्तान में चार स्थानों पर बमबारी हुई। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खौराजमी ने कहा-अफगानिस्तान इस क्रूर कृत्य को सभी अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। इसका जवाब जरूर देंगे। दोनों पड़ोसियों के बीच तनावपूर्ण संबंध है। पाकिस्तान का कहना है कि उसके देश में हुए कई आतंकवादी हमले अफगान धरती से किये गये हैं। हालांकि अफगान तालिबान ने इन आरोपों से इनकार किया है।

## नौसेना के बेड़े में अगले महीने शामिल होंगे दो स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी 'वाग्शीर'

# हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने के लिए भारतीय नौसेना तैयार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने के लिए भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए नौसेना के बेड़े में अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है। नए युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत और स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि है, जो इसी माह नौसेना को सौंपे जा चुके हैं। इस बीच रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस तुशील भी स्वदेश आयेगा। नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाली वाग्शीर भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है।

आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिनमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। वहीं नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इंफाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है।



नौसेना को सौंपा गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17 ए स्टील्थ का पहला जहाज है। इस योजना के सात जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से ब्लू वाटर में मुकाबला करने में सक्षम है। इसे डीजल या गैस से संचालित किया जाता है। जहाज में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी अपग्रेडेड गन और रैपिड फायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है।

आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन किया है और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। यह पनडुब्बी 221 फीट लंबी, 40 फीट ऊंची है। समुद्र की सतह पर इसकी गति 20 किमी प्रति घंटा और नीचे 37 किमी प्रति घंटा है। इसमें 50 दिनों के लिए 350 मीटर पानी के नीचे डूबने की सीमा है।

# नक्सलवाद से निपटने में सीआरपीएफ ने किया सराहनीय कार्य : अमित शाह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय कार्य किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नयी दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय के दौरे के क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।



अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। शाह ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न (मोटे अनाज) के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए जवानों से प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत आयुर्वेद के अधिकाधिक उपयोग का भी आह्वान किया।

बैठक के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने गृह मंत्री को सीआरपीएफ में अनुकम्पा आधारित नियुक्तियों सहित बल के शहीद जवानों के परिवारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

### जयंती पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी

# कोमल हृदय के विचारों के प्रति दृढ़ थे अटल बिहारी वाजपेयी : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- अटल जी ने प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष की शुरुआत हुई। भाजपा ने हर वर्ष की भांति इस बार भी अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में प्रदेश में मनाया। राज्य के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भाजपा मुख्यालय में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का उदघाटन बाबूलाल मरांडी ने किया। इसके पूर्व विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं, भाजपा महानगर की ओर से अटल वेंडर मार्केट में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अटल जी जैसा महान व्यक्तित्व विरले होते हैं। आज अटल जी भले ही शरीर से हमलोगों के बीच नहीं हैं। लेकिन उनकी वाणी, उनकी कवितायें, उनके विचार आज भी लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता अटल जी से प्रेरित होकर समाज जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बड़े मन के नेता थे। उनका हृदय कोमल था। लेकिन मां भारती की सेवा में वे विचारों के प्रति दृढ़ थे। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं को कार्य करने की स्वतंत्रता के वे आग्रही थे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के पुत्र के रूप में जीवन यात्रा प्रारंभ करने वाले अटल जी ने अपने संघर्ष और परिश्रम से महान व्यक्तित्व को गढ़ा। उन्होंने कहा कि अटल जी ने कभी सत्ता के लिए विचारों से समझौता नहीं किया। पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत की राजनीति को नई दिशा दी। देश को आगे बढ़ाने और कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी नीतियों से मुक्ति दिलाने के लिये उन्होंने गठबंधन की राजनीति को मजबूती प्रदान की। लेकिन सत्ता लोलुपता उन्हें छू नहीं सकी। उन्होंने कहा कि पहले 13 दिन, फिर 13 महीने, फिर साढ़े चार सालों तक प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत, दुनियां का सिरमौर भारत बनाने के लिये हरसंभव कोशिश की। उन्होंने कहा कि पहली बार गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल अटल जी की सरकार ने की। उन्होंने कहा कि यूएनओ में पहली बार हिंदी में भाषण देकर अटल जी ने राष्ट्र भाषा का विश्व पटल पर महिमा मंडन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित थी। उन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुये अलग झारखंड राज्य के सपने को साकार किया। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया। केंद्र में आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाये।

# भाजपा के लिए बैटिंग करने फिर मैदान में उतरे रघुवर दास

- **झारखंड राज्य से पहले राज्यपाल बनने वाले रघुवर दास अब इस्तीफा देकर फिर सक्रिय राजनीति में कदम रखने की चाह रखते हैं, भाजपा उन्हें दे सकती है बड़ी जिम्मेवारी**



**उदय चौहान**

**रांची।** रघुवर दास फिर भाजपा के लिये बैटिंग करने के लिये राजनीति के मैदान में उतर गये हैं। झारखंड से पहले राज्यपाल बनने वाले रघुवर दास ने अपने पद से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं। अचानक राज्यपाल से इस्तीफा देने के बाद रघुवर दास फिर सुर्खियों में हैं। अचानक घटनाक्रम से झारखंड में कयासों का बाजार गर्म हो गया है। रघुवर दास के समर्थकों में नया जोश देखा जा रहा है। उनके समर्थकों को उम्मीद है कि रघुवर दास को भाजपा में बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है।

राजनीतिक के जानकार बताते हैं कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व श्री दास को राष्ट्रीय स्तर का कोई पद दे सकता है। इसके लिये उपर लेबल पर लॉबिंग भी हो रही है। दरअसल, श्री दास के राज्यपाल के पद से इस्तीफे की चर्चा झारखंड के विधानसभा चुनाव के वक्त भी हो रही थी। दरअसल, श्री दास जमशेदपुर पूर्वी से विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे। उस वक्त पार्टी आलाकमान ने उन्हें राज्यपाल बने रहने को लेकर मना लिया था। सूत्रों का दावा है कि रघुवर दास पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता माने जाते हैं। उनकी कार्यशैली अच्छी और प्रमाणिक रही है। पूर्व में पार्टी ने उनको कई दायित्व दिये हैं। कयास लगाया जा रहा है कि उन्हें राज्य की राजनीति की कमान सौंपी जा सकती है। बाबूलाल मरांडी विधानसभा चुनाव में फेल कर चुके हैं। अब पार्टी को सख्त मिजाज वाला अध्यक्ष चाहिये। झामुमो ने आदिवासी व मुस्लिम वोट तैयार कर लिया है। इसको रघुवर के सहारे ओबीसी एकजुटता से ही काउंटर किया जा सकता है।

**रघुवर दास ने राजनीति में बनायें है कई रिकॉर्ड**

रघुवर दास भाजपा में रह कर कई रिकॉर्ड बनाये हैं। 1977 में जनता पार्टी से राजनीति की शुरूआत की थी। 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल हुये। 1995 से 2019 तक जमशेदपुर पूर्वी से लगातार विधानसभा सदस्य चुने जाते रहे। झारखंड की अलग-अलग सरकारों में मंत्री, उपमुख्यमंत्री रहे। 2014 से 2019 तक राज्य के पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बने। पांच साल का कार्यकाल पूरा करने का रिकॉर्ड भी इन्हीं के नाम है। कुछ समय तक श्री दास पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। फिर अक्टूबर 2023 में उन्हें ओडिशा का राज्यपाल बना दिया गया। इसे रघुवर दास की राजनीतिक पारी के एंड के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन 24 दिसंबर 2024 को हुये घटनाक्रम ने एक बार फिर उन्हें कयासों के बाजार में खड़ा कर दिया है।

# उत्पाद दरोगा निलंबन मुक्त मामले में गृह मंत्री हस्तक्षेप करें : सुधीर श्रीवास्तव

- **भाजपा नेता ने कहा- झारखंड में उत्पाद आयुक्त ने 17 दिन में 9 उत्पाद दरोगा को कार्यहित में किया निलंबन मुक्त**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव ने उत्पाद दारोगा निलंबन मुक्त मामले में गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में उत्पाद विभाग के निलंबित 9 दरोगा को सिर्फ इस कारण निलंबन मुक्त किया गया कि यहां कर्मचारियों की कमी है, कार्य हित और राजस्व हित में है। ऐसा अजीबो गरीब निलंबन मुक्त का आदेश से आहत होकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने इस मामले की पूरी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को 9 उत्पाद दरोगा को एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री के कारण निलंबित किया था और ये सभी दरोगा गुमला, रांची, बोकारो, धनबाद जिले में पदस्थापित थे। उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश ने एक साथ सभी को निलंबन किया था और एक साथ ही निलंबन मुक्त किये। उन्होंने बताया कि इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए कि किस के दबाव में यह निलंबन मुक्त किया गया। क्या निलंबन करने के पीछे भी कोई साजिश तो नहीं थी। उन्होंने अपने पत्र की प्रति मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी दी गई है।

# नितिन मदन कुकर्णी और अजय कुमार सिंह को मिली सीएस रैंक में प्रोन्नति

- **आईएएस सत्येंद्र सिंह और ए मुत्थुकुमार को प्रोफार्मा प्रोन्नति**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति दे दी है। यह प्रोन्नति एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी।

**सत्येंद्र सिंह को प्रोफार्मा प्रोन्नति :** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में तैनात झारखंड कैडर के आइएएस सत्येंद्र सिंह को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है।

**तीन अफसर सेक्रेट्री रैंक में प्रोन्नत :** राज्य सरकार ने श्रम विभाग के प्रभारी सचिव मुकेश कुमार को सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। यह प्रोन्नति एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। वहीं स्कूली शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह को भी सेक्रेट्री रैंक में प्रोन्नति दी गई है। यह एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात ए मुत्थुकुमार को सचिव रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी गई है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

# झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ के राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ के राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष अविनाश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में स्टेशन रोड रांची में हुई। बैठक में विभिन्न झारखंड के कार्य विभागों यथा जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के लेख लिपि के संघीय पदधारकों ने भाग लिया। बैठक में रांची के अलावा बोकारो, देवघर, दुमका, गिरीडीह, जमशेदपुर, गोड्डा, हजारीबाग, गिरिडीह, चाईबासा सहित विभिन्न जिलों के साथियों ने भाग लिया।



बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों में लिखा-आईटी किए संपर्क से संबंधित मांगों पर चर्चा की गई। इसमें नियुक्ति की तिथि से 2800 का ग्रेड वेतन का लाभ संवर्गीय प्रोन्नति एसीपी एमएसपी का लाभ सहित विभिन्न मांग है। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघीय कार्यक्रम को बढ़ावा देकर तथा लिखित ज्ञापन एवं शिस्टमंडलीय वार्ता द्वारा संघ का पक्ष प्रमुखता से सरकार के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष मानवेंद्र नारायण, मनोज कुमार, अनीश शाही, महासचिव अमरेश कुमार, प्रदेश संयुक्त सचिव संतोष कुमार, विश्वजीत झा, राघवेंद्र चंद्रदेव, प्रदेश कोषाध्यक्ष ब्रजेश झा, संगठन सचिव संपद महतो, प्रदेश प्रवक्ता साधना कुमारी, अंकेक्षक ठाकुर विजय कुमार, ठाकुर पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी अजीत कुमार झा, गजेंद्र कुमार, अजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार, राकेश कुमार एवं चंदन कुमार आदि ने प्रमुखता से अपनी बातों को रखा।

# जेएसइआरसी ने फीस की नई दरें की तय, बिजली टैरिफ निर्धारण के लिए देने होंगे 20-40 लाख फीस

- **बिजली वितरण लाइसेंसी को टैरिफ निर्धारण के लिए देने होंगे 20 से 40 लाख**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसइआरसी) ने टैरिफ निर्धारण, आवेदन शुल्क, लाइसेंस में संशोधन सहित अन्य मामलों के लिए फीस की नई दरें तय की है। आयोग के अनुसार, बिजली वितरण से जुड़े लाइसेंसी कंपनियों को टैरिफ निर्धारण के लिए न्यूनतम 20 लाख से अधिकतम 40 लाख रुपये देने होंगे। वहीं विवादों के निपटारे के लिए दो लाख लगेंगे।

**शुल्क निर्धारण के लिए देने होंगे दो लाख :** अगर बिजली कंपनियां शुल्कों, शर्तों आदि के निर्धारण के लिए आवेदन करेंगी तो दो लाख रुपए देने होंगे। वहीं लाइसेंस लेने के लिए आवेदन शुल्क और वार्षिक शुल्क के रूप में एक लाख रुपए देने होंगे। पूर्व से अनुमोदन की इच्छा रखने वाली कंपनियों के लिए आवेदन शुल्क पांच लाख रुपये रखा गया है। लाइसेंस में संशोधन के लिए आवेदन देने पर एक लाख लगेंगे. लाइसेंस रद्द करने के लिए आवेदन देने पर एक लाख शुल्क लगेंगे।

**थर्मल और हाइडल पावर लगाने के लिए 30 से 60 लाख :** थर्मल प्लांट और हाइडल पावर (पनबिजली) प्लांट लगाने के लिए न्यूनतम 30 लाख और अधिकतम 60 लाख रुपये देने होंगे। यह फीस प्लांट की क्षमता के आधार पर निर्धारित होगा। विवादों के निर्णय के लिए सात लाख रुपए देने होंगे। टैरिफ आदेश या बिजली खरीद की समीक्षा के लिए आवेदन देने पर सात लाख लगेंगे। मुख्य विद्युत निरीक्षक के निर्णय के खिलाफ अपील पर 25 हजार रुपए देने होंगे।

## रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी, स्वागत योग्य : राजेन्द्र प्रसाद

रांची। उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से इस्तीफा दिलाकर सक्रिय राजनीति में लाने का केंद्रीय नेतृत्व के कदम का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्णय का स्वागत किया किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास ने अभी सिर्फ इस्तीफा दिया है। केन्द्रीय नेतृत्व ने अभी कोई तय नहीं किया है कि उन्हें केंद्र या राज्य की जिम्मेवारी देगी। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव में रघुवर दास की कमी हर जाति और धर्म के लोगों को खली थी, यह बात सभी भली-भांति जानते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में वापसी से राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में खासकर ओबीसी समुदाय पर इसका असर देखने को मिलेगा। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा पार्टी के प्रति सहानुभूति व सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इसका लाभ भाजपा को निश्चित रूप से मिलेगा।

# राज्यपाल से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा रोकने की मांग

- **इंडियन रिपब्लिकन डेमोक्रेटिक काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन रिपब्लिकन डेमोक्रेटिक काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हाल ही में, बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन के पश्चात, वहां के अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ अत्याचार व हिंसा की घटनाओं में तेजी आई है, यह घटनाएं न केवल अमानवीय और संवैधानिक अधिकारों का हनन हैं, बल्कि अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए खतरा भी उत्पन्न कर रही हैं। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है, उनके धार्मिक स्थलों, संपत्तियों और जीवन के मौलिक अधिकारों पर भी हमला हो रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और एक सभ्य समाज के मूल्यों के खिलाफ है। भारत एक लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों पर आधारित देश होने के नाते, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों व उनकी सुरक्षा के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाने का कर्तव्य रखता है। इस संबंध में, मैं आपका ध्यान निम्नलिखित बिंदुओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि यह ज्ञापन आप अपने स्तर से भी मुख्यमंत्री व राष्ट्रपति को भेजें, यह सराहनीय कदम है, देश की गंगा जमुनी तहजीब को इससे बल मिलेगा, जिसपर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर ने कहा कि हम यह ज्ञापन को जरूर भेजेंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी, कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, मौलाना तौफीक कादरी, आलोक कुमार सिंह, मो इम्तियाज मौजूद थे।

**इन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा न केवल उनके धार्मिक अधिकारों का हनन है, बल्कि यह मानवाधिकारों व अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन है। अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालने की आवश्यकता है। यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह पड़ोसी देशों में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ आवाज उठाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान निकाले। इस गंभीर विषय पर विचार करते हुए, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री, को पत्र लिखें। बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाने का अनुरोध करें, ताकि वहां रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज बुलंद करें।

# आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून जल्द लागू करना सबसे जरूरी : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देने के बाद अब इस बात की नितांत आवश्यकता है कि सभी आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा कर पेसा कानून को जमीनी स्तर पर जल्द-से-जल्द लागू किया जाये। श्री तिर्की ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से झारखण्ड की दशा और दिशा में सकारात्मक बदलाव आयेगा और अब ग्रामीणों विशेषकर जनजातीय समुदाय और मूलवासियों के लिये यह बहुत जरूरी है कि सरकार द्वारा स्वीकृत पेसा नियमावली के अनुरूप पेसा कानून का सीधा फायदा झारखण्ड के लोगों को मिले। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे न केवल ग्रामीणों की विकास संबंधी जरूरतें पूरी होगी बल्कि जमीन के साथ ही उपलब्ध संसाधनों की लूट भी रोकी जा सकेगी। साथ ही इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण होने की भी पूरी संभावना है। श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि नयी सरकार के गठन के बाद झारखण्ड में विशेष रूप से आदिवासियों एवं मूलवासियों को पेसा कानून लागू होने के सम्बन्ध में सरकार से बहुत अधिक भरोसा है। झारखण्ड की जनता की लम्बे समय से पेसा कानून को लागू करने की मांग बहुप्रतीक्षित है और कांग्रेस की महत्वपूर्ण भागीदारी वाली हेमंत सरकार ने आम लोगों की सभी न्यायोचित माँग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया है। श्री तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि पेसा कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी, जवाबदेही, ईमानदारी और लोगों की जरूरतों-आकांक्षाओं के अनुरूप अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए अपने कार्य करेंगे क्योंकि ग्राम सभा की सफलता के लिये यही अनिवार्य और व्यावहारिक शर्त है।



श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भारत के आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों आदि के प्रति पूरी तरीके से समर्पित होकर काम किया है। देश के नवनिर्माण और विकास के लिये समाज के सभी वर्गो की समान भागीदारी के लिये और भारत के वर्षों से उपेक्षित लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास में उनकी समान भागीदारी के लिये स्वर्गीय राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में पंचायती राज कानून को देशव्यापी स्तर पर लागू किया गया था। इसी के पश्चात पेसा कानून को मंजूरी दी गयी जिसमें जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल ग्रामीण परंपराओं के अनुरूप बल्कि, ग्रामीणों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी ग्राम सभाओं को सशक्त करने का प्रावधान था। श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में पारम्परिक शासन व्यवस्था का विशेष महत्व है, जहां मानकी-मुण्डा, पाहन, प्रधान, मांझी जैसी व्यवस्था के कारण ही विकास के साथ-साथ जनजातीय जीवन-संस्कृति का भी संरक्षण होता है और संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार झारखण्ड के लोगों की अपेक्षाओं के अनुकूल पेसा नियमावली को अविलंब लागू करना आज की सर्वाधिक प्राथमिक जरूरतों में से एक है।

# विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने कर्नाटक गये कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

- **कहा- हमारे लिए यह गौरव का पल है कि शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बेलगाम (कर्नाटक) के लिए रवाना हो गये। रवाना होने के पहले प्रेस से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का पल है कि 1924 में राष्टपिता महात्मा गांधी जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हुए और आज हम सभी उनके शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। गांधी जी ने जो सत्य अहिंसा का संदेश दिया है और आज देश में जिसप्रकार लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। जिस तरह नफरत फैलाया जा रहा है उससे हमें लड़ना है। हमारी ताकत गांधी का संदेश है।

वहीं, प्रदीप यादव ने कहा कि देश तभी ताकत हासिल कर सकता है और खुद विकसित कर सकता है, जब भारत के सभी समुदाय के लोग आपसी सद्भावना के साथ रहें।

# कलश यात्रा में हर-हर महादेव के लगे जयकारे, झांकी ने सबका मन मोहा

- आज से मानगो वसुन्धरा स्टेट में शुरू होगी शिव महापुराण कथा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा स्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ बुधवार को कलश (शोभा) यात्रा एवं व्यास पूजन महत्व से हुआ। वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज द्वारा श्री गणेश पूजन, मातृका पूजन, नवगृह पूजन, कलश स्थापना आदि धार्मिक अनुष्ठान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराने के बाद शोभा यात्रा आगे बढ़ी और एनएच 33 स्थित राधा-कृष्ण के मंदिर तक गयी।

मंदिर में पुनः व्यास एवं राधा-कृष्ण की पूजा करके शोभा यात्रा वापस वसुन्धरा स्टेट कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान शिव-पार्वती एवं राधा-कृष्ण की अद्भुत झांकी लोंगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। महिलाएं सिर पर कलश धारण किये मंगल गीत गाते हुए चल रहीं थीं।



कलश यात्रा में स्वामी बृजनंदन शास्त्री संग मेजबान उमाशंकर शर्मा, उनके पुत्र काली शर्मा परिजन व भक्तगण।

बैंड पर बज रहे धार्मिक गीतों पर महिला-पुरुष नृत्य करते और बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जिससे वसुन्धरा स्टेट का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस धार्मिक मौके पर वृजनंदन शास्त्री ने शिव महापुराण कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि शुभ कर्मो की यात्रा का नाम ही शोभा यात्रा हैं। कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और ज्ञान का भंडार बढ़ता है। अच्छे संकल्प एवं अच्छे विचार ही व्यक्ति को महान बनाता और ईश्वर से मिलता है। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा द्वारा किया गया है।

**सात दिवसीय शिव महापुराण कथा आज से :** आयोजक के पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ काली (जिला भाजपा कोषाध्यक्ष) ने बताया कि शिव कथा 26 दिसम्बर गुरूवार से 01 जनवरी बुधवार तक चलेगा। सप्ताह ज्ञान यज्ञ शिव कथा के अंतिम दिन भण्डारा का आयोजन होगा। स्वामी जी रोजाना शाम 4 बजे से व्यासपीठ पर आसीन होकर अपनी सुमधुर रसमयी अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा का भक्तों को रसपान करायेंगें। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से उमाशंकर शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, रामाशंकर शर्मा, गिरजाशंकर शर्मा, कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रामानन्द शर्मा, रवीन्द्र कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### पहला अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी लघु फिल्म महोत्सव 29 को

**जमशेदपुर।** जाहेर थान कमिटी द्वारा 27 से 29 दिसंबर तक पहला अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। फिल्म स्क्रीनिंग 27 से 29 दिसंबर तक किया जायेगा। समापन दिवस को का दिन रंगारंग कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण संपन्न किया जायेगा। पुरस्कार कुल 7 कैटेगरी में प्रदान किया जाएगा। जो इस प्रकार है – सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ नायक/नायिका, सर्वश्रेष्ठ छायांकन, सर्वश्रेष्ठ कहानीकार, सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म, सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फिल्म। इसके साथ 27 से 31 दिसंबर तक आदिवासी पुस्तक मेला का भी आयोजन किया जाना है।

### नववर्ष पर सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर बैठक



**गम्हरिया।** नववर्ष के आगमन के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गम्हरिया अंचल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर सरायकेला एसडीओ सदानंद महतो ने बताया कि आदित्यपुर से कांड्रा तक विगत कुछ दिनों से काफी सड़क दुर्घटनाएं होती रही है। नववर्ष पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होती है। इसके लिए विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जरूरत है। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, एसडीपीओ समीर सवैया, गम्हरिया थाना के एसआई सुनील सिंह, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह, सीओ अरविंद बेदिया समेत टाटा स्टील के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्रममंत्री से मिले टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष व महामंत्री



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह बुधवार को झारखंड सरकार के नव मनोनीत श्रममंत्री संजय यादव से परिसदन में मुलाकात किये एवं जमशेदपुर आगमन पर फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किये। इस मुलाकात के दौरान मजदूर संगठन एवं विभिन्न मुद्दों पर यूनियन नेताओं ने उनसे चर्चा की।

### भाटिन में रेडक्रॉस और यूसील का नेत्र शिविर



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत आयोजित इस महीना का तीसरा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन भाटिन स्थित लुगु मुर्मू ट्राईबल रेसिडेंशियल स्कूल में हुआ। नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, सामान्य चिकित्सक डॉ जया मोईत्रा एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 160 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की व जानकारी दी गयी।

### जेसीएपीसीपीएल-रेडक्रॉस का नेत्र शिविर 28 से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जमशेदपुर कन्टीन्यूअस एनेलिंग प्रोसेसिंग कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (जेसीएपीसीपीएल) के सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस वर्ष का अंतिम एवं 752वां नेत्र शिविर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा।

## जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने पूर्वी सिंहभूम के डीसी को लिखा पत्र

# बस्तियों में नि:शुल्क पेयजल कनेक्शन दे टाटा स्टील यूआइएसएल : सरयू राय

- गरीब लोगों को कम दर पर पेयजलापूर्ति हेतु मीटिंग बुलाने का आग्रह
- लीज समझौते की याद दिलायी, कहा- कंपनी सरकार के प्रावधानों का करे पालन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से आग्रह किया है कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों तक पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैठक बुलायें ताकि लोगों के कल्याण हेतु उचित निर्णय हो सके। उन्होंने डीसी से आग्रह किया कि वह जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक और चाहें तो उन्हें (सरयू) भी बैठक में बुला सकते हैं।

उपायुक्त को लिखे पत्र में श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र की बस्तियों के घरों में टाटा स्टील यूआईएसएल को नि:शुल्क जल संयोजन करना चाहिए। उन्होंने लिखा- क्षेत्र भ्रमण के दौरान पता चला कि कदमा, सोनारी और बिष्टुपुर की कई बस्तियों में टाटा स्टील की ओर से जुस्को (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने जलापूर्ति का कनेक्शन तो दिया, परंतु अधिकांश घर अभी भी जल संयोजन से वंचित हैं। इसका कारण है कि जल संयोजन के लिए काफी अधिक शुल्क मांगा जा रहा है। बस्तियों में कच्चा-पक्का मकान बनाकर रहने वाले लोग ऐसे हैं जो दैनिक वेतन भोगी मजदूर हैं। इनके लिए संभव नहीं है कि वे 13 से 25 हजार तक का जल संयोजन शुल्क देकर पेयजल आपूर्ति का कनेक्शन लें।

श्री राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि उपर्युक्त विषय में टाटा स्टील और राज्य सरकार के बीच हुए टाटा लीज नवीकरण समझौता 2005 के विभिन्न प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार जमशेदपुर के सभी घरों में इन्हें कनेक्शन सहित अन्य जनसुविधाएं दिलानी है। टाटा लीज नवीकरण समझौता-2005 के प्रासंगिक कंडिकाओं के अनुरूप टाटा स्टील यूआईएसएल को अपने व्यय पर आधारभूत संरचना खड़ा करना है और उतना ही शुल्क उपभोक्ताओं से वसूलना है, जितना राज्य सरकार अपनी नगर पालिकाओं के लिए वसूलती है। इस बीच राज्य सरकार ने भी जल संयोजन शुल्क बढ़ाया है, परंतु उसमें एक प्रावधान किया गया है कि जो परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं, उन्हें निःशुल्क कनेक्शन प्रदान किया जायेगा।

श्री राय ने लिखा कि आप सहमत होंगे कि राज्य सरकार की गंभीर बीमारी योजना, आयुष्मान एवं केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की कतिपय अन्य योजनाओं में गरीबी रेखा के नीचे माने जाने वाले लोगों के लिए आय का एक अधिकतम स्तर तय किया गया है।



विधायक सरयू राय।

### टाटा लीज के नियंत्री पदाधिकारी की भूमिका निभायें डीसी

श्री राय ने लिखा है, जनसुविधाएं देने के लिए टाटा लीज नवीकरण समझौता-2005 में कतिपय स्पष्ट प्रावधान तो किये गये हैं, परंतु उसमें यह स्पष्ट नहीं है कि इन प्रावधानों का नियंत्री पदाधिकारी कौन होगा? जब भी उन्होंने इस बारे में राज्य सरकार से पूछा है तो उन्हें बताया गया कि ऐसी स्थिति में संबंधित जिला के उपायुक्त ही नियंत्री पदाधिकारी की भूमिका निभायेंगे। अत: आपसे अनुरोध है कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के घरों तक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आप अपने स्तर पर जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक की बैठक बुलायें ताकि उपर्युक्त विषय में उचित निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## जमशेदपुर एफसी ने क्रिसमस का जश्न धूमधाम से मनाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ियों और कर्मचारियों ने अपने ट्रेनिंग सेशन के बाद क्रिसमस का जश्न मनाते हुए छुट्टियों का आनंद लिया। टीम केक काटने के लिए इकत्रित हुई, जिसके बाद रोमांचक गतिविधियों ने सभी को हंसाया और चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। आज के ट्रेनिंग सेशन के बाद खिलाड़ियों, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ ने यादगार पल साझा किए. जश्न के बारे में बोलते हुए, टीम के कप्तान जावी हर्नांडेज ने कहा, यह एकजुटता का जश्न मनाने का समय है और इस तरह के पल एक टीम और एक परिवार के रूप में हमारे संबंध को मजबूत करते हैं। जमशेदपुर एफसी अब 29 दिसंबर को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में केरल ब्लास्टर एफसी के खिलाफ अपने आगामी मुकाबले के लिए तैयार है।



## टाटा जू में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** क्रिसमस के शुभ अवसर पर और रोटेरियन जॉन रेंजर माइल्स व रोटरी स्पाउस फियोना पॉलिन माइल्स के दौरे के उपलक्ष्य में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया।

यह आयोजन टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क, रोटरी क्लब जमशेदपुर, जमशेदपुर आई हॉस्पिटल और टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रयास से हुआ। इसमें 31 लाभार्थियों (जो जू विजिटर्स भी थे) की आंखों की जांच अनुभवी विशेषज्ञों ने की।

जॉन और फियोना नेत्र देखभाल और गरीबों की आंखों की रोशनी बरकरार रखने के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय परोपकारी कार्यों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं।



इस कार्यक्रम का संचालन टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर डॉ नईम अख्तर के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने इसे सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया। मौके पर प्रमुख रोटेरियन (जिनमें रोटेरियन जॉन रेंजर माइल्स और रोटरी स्पाउस फियोना पॉलिन माइल्स शामिल थे) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन में योगदान देने वाले अन्य प्रमुख रोटरी सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष मधुमिता संत्रा, पूर्व जिला गवर्नर आर. भरत, रोटेरियन डॉ. विजया भरत, रोटेरियन रोहन मेहता, रोटेरियन जगन्नाथ संत्रा भी थे।

## सांता क्लॉज बने पप्पू सरदार, स्वच्छता का संदेश के साथ किया उपहार वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** क्रिसमस के शुभ अवसर पर मंगलवार की देर रात और बुधवार की सुबह सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक शहर के चर्चित पप्पू सरदार ने सांता क्लॉज बनकर स्कूटी से शहर का भ्रमण किया। उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और एक.दूसरे के प्रति दया और सहानुभूति दिखाने का संदेश किया। उन्होंने लोगों को बताया कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए पप्पू सरदार ने अपनी स्कूटी को भी काफी आकर्षक ढंग से सजाया था। पप्पू सरदार ने जुबली पार्क, लोयला स्कूल, बेल्डीह चर्च, गोलमुरी चर्च, जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय के पास, बसंत सिनेमा चौक, साकची गोलचक्कर, पलंग मार्केट मोड़, साकची एवं बिष्टुपुर मेन रोड़ में सांता क्लॉज बनकर लोगों के बीच कई प्रकार के उपहार बांटे। सांता क्लॉज के हाथों से उपहार पाकर बच्चों से लेकर बुजूर्ग तक बहुत खुश हुए। सांता क्लॉज बने पप्पू सरदार के एक हाथ में घंटी थी।



सांता के रूप में उपहार बांटते पप्पू सरदार।

## अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा की गुहार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील अग्रवाल को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद उन्होंने सीतारामडेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका मानना है कि यह धमकी उनकी नियुक्ति को लेकर सामुदायिक विवाद से जुड़ी है। अग्रवाल ने बताया कि उन्हें अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 18 नवंबर 2024 को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इसके बाद से ही उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

बताया कि पहली धमकी 15 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे मोबाइल नंबर 9534028090 से और दूसरी धमकी 22 दिसंबर को रात 10.30 बजे नंबर 6299104412 से आयी। अग्रवाल ने कहा कि मैं और मेरा परिवार बेहद डरे हुए हैं। मानसिक रूप से परेशान हूं और हमें अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता है। उन्होंने सीतारामडेरा पुलिस से अपने परिवार और व्यवसाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

## सुनील गुलिहार लिखित पुस्तक वृहद छोटा नागपुर के आदि-बुनियाद का लोकार्पण

# कुड़मी समाज को जगाने का सराहनीय प्रयास : विद्युतवरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोनारी स्थित देवेंद्र सेवा संघ में शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर द्वारा रचित 'वृहद छोटानागपुर के आदि-बुनियाद' नामक पुस्तक का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। इसमें झाड़खंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा आदि राज्यों से शिक्षित व गणमान्य लोग शामिल हुए। मंच संचालन का दायित्व गुणधाम मुतरुआर एवं मोहिनी मोहन महतो और स्वागत गीत महादेव डुमरिआर ने गाया।



सुनील गुलिहार की पुस्तक का विमोचन करते जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो व अन्य।

इस पुस्तक समीक्षा अभिभाषण में चास कॉलेज चास के प्राचार्य भूतनाथ महतो ने कहा कि भौगोलिक दृष्टिकोण से वृहद छोटानागपुर के सभी लोग गोंडवाना पृष्ठभूमि के है और यहीं से कृषि सभ्यता का विकास हुआ है और इसमें विशेषकर कुड़मी समुदायों द्वारा प्रारंभिक योगदान रहा है।

कार्यक्रम के सभापति मुलखुंटी मुलमानता अजीत प्रसाद महतो ने कहा वृहद छोटानागपुर के आदिवासी, अनुसूचित जनजाति, 1941 की जनगणना में आदिवासियों को हिंदू बताने की साजिश, आदिवासी महासभा बनाम सनातन आदिवासी महासभा के बीच का वैचारिक संघर्ष, आदिवासी अर्थात सारना धर्म, लोकुर कमेटी, आदिम कुड़मी, राढ़ क्षेत्र के लिपि, झाड़खंडी संस्कृति आदि पर विशेष अध्ययन कर इस पुस्तक में लिपिबद्ध हुई है तथा सारगर्भित तथ्यों के लिए गुलिआर साहब की कृति तारीफें काबिले है।

मुख्य अतिथि सांसद ने कहा किताब हमारे समाज का हरेक समस्याओं को सही दिशा निर्देश करने में सहयोग करती है। जैक के सदस्य व प्राचार्य अरुण कुमार महतो, रांची हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरेन महतो, पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### अलग झारखंड के सूत्रधार थे वाजपेयी : चंपई सोरेन



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया। बुधवार को जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के विधायक चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इससे पहले, कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने अटल जी के योगदान, उनके विचारों और उनकी महान नेतृत्व क्षमता को स्मरण कर नमन किया। चंपई ने कहा कि झारखंड का निर्माण अटल जी की दूरदृष्टि और संकल्प का परिणाम है। वर्ष 1999 में दुमका में आयोजित जनसभा में उन्होंने वादा किया था कि झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलेगा। केंद्र में सरकार बनते ही उन्होंने अपना वादा पूरा किया और झारखंड को अलग राज्य के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

### शहीद निर्मल महतो की जयंती पर मंत्री रामदास सोरेन समेत विभिन्न नेताओं ने दी पुष्पांजलि



**जमशेदपुर।** शहीद निर्मल महतो की 74 वीं जयंती पर उनके चमड़िया गेस्ट हाउस स्थित शहादत स्थल और उलियान स्थित समाधि स्थल पर मंत्री रामदास सोरेन समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने पुष्पांजलि दी और नमन किया। उलियान समाधि स्थल पर विधायक सबिता महतो अपने परिजनों के साथ निर्मल दा की समाधि और शहादत स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। झामुमो विधायक मंगल कालिंदी और भाजपा सांसद बिद्युतबरण महतो अपने समर्थकों संग निर्मल दा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस समेत अन्य नेताओं ने भी शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।

### नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में अटल बिहारी और निर्मल महतो का जन्मदिन मनाया गया



**चांडिल।** लुपुंगडीह स्थित नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में भारत के महान महापुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, शिक्षाविद डॉ मदन मोहन मालवीय व झारखंड आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतो का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के संस्थापक, शिक्षाकर्मी व आम नागरिकों ने महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है। वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। उन्होंने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही और इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।

### जमशेदपुर में क्रिसमस की धूम





शहर में 100 वर्ष पुराने बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च में क्रिसमस की सुबह प्रार्थना सभा को संबोधित करते पास्टर मनोज चरण और संदेश सुनते मसीही।



लोयोला चर्च में प्रार्थना सभा में शिरकत करने जाते पादरीगण।



लोयोला चर्च में प्रार्थना करते मसीही समुदाय के लोग।

सुप्रभात

गुरुवार 26.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 245

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित        सबकी बात सबके साथ

## जन्म शताब्दी पर अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर तोपचांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विकास महतो ने अटल बिहारी वाजपेयी के फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण**



श्री हरदेवराम पुस्तकालय में बुधवार को महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने की। संचालन अनूप साव एवं धन्यवाद ज्ञापन मथन चंद्र दसौंधी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण के साथ हुई। वक्ताओं ने वाजपेयी तथा मालवीय की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी बुधवार को सिंदरी के अटल चौक पर धूमधाम से मनाई गई। मीरा मोहन उद्यान सिंदरी के संस्थापक सह समाजसेवी इंद्रमोहन सिंह के नेतृत्व में अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और बीएचयू वाराणसी के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्मदिवस पर उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयत्न कर रहे हैं। देश के इतिहास में दोनों विभूतियों का नाम अमर रहेगा। वहीं भाजपा नेता रवि शर्मा के आवासीय कार्यालय में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष सह पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई

**गिरिडीह।** मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बरगंडा में मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल, हरिशंकर तिवारी एवं अजीत मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अनमोल मिश्रा ने वाजपेयी जी की कविता का काव्य पाठ किया।

## केक काटकर ईसा मसीह का जन्मदिन मनाया, हुई डांस प्रतियोगिता

**संत अंथोनी चर्च में क्रिसमस की धूम, हुई प्रार्थना सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अमन डांस एकेडमी द्वारा सरायढेला में क्रिसमस के अवसर पर केक काटकर ईसा मसीह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर महाराज मंडल ने मिमिक्री से लोगों को खूब हंसाया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी पसंद के गानों पर नृत्य किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मिस एशिया और मिस इंडिया रह चुकी माधवी विलोचन ने कहा कि बच्चों में डांस के प्रति रुचि है, उन्हें सही दिशा मिल रही है। कार्यक्रम में अपना स्वीट्स के ऑनर सनोज कुमार, धनबादियन सोमेन, डायरेक्टर अमन गुप्ता, महराज मंडल, रुही खंडवला, अर्चना आलोक, के साथ सैकड़ों बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।




संत अंथोनी चर्च में हिंदी और अंग्रेजी में प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए फादर प्रदीप मरांडी ने अपने उपदेश में कहा कि ईश्वर कभी भी हम सभी के पास खाली हाथ नहीं आते हैं। इसका सबसे बड़ा और जीवंत उदाहरण है ईश्वर का स्वयं मनुष्य रूप लेकर हम सभी के बीच जन्म लेना। पूरा विश्व की कलीसिया प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाता है। आवश्यक है कि जब हम प्रभु यीशु क्राइस्ट का जन्म दिवस मनाते हैं तो खुशी के साथ मनन चिंतन भी करें कि क्या ईश्वर का पुत्र इस तरह धरती पर हमारे लिए आ सकता है। दरअसल बालक यीशु का जन्म एक बहुत ही दयनीय दशा में छोटे से गोशाला में हुआ था। जिसे देखकर कोई भी यह नहीं कह सकता कि यह परमेश्वर का पुत्र है और हमारा राजा है। हमारा प्रभु विनम्र है और सादगी से भरपूर है।

### स्पीड न्यूज

#### राणी सती मंदिर करकेंद में मंगल पाठ का शुभारंभ

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित राणी सती मंदिर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति करकेन्द शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 दिवसीय मंगल पाठ का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। मंगलपाठ में प्रत्येक दिन 51 महिलाएं श्री नारायणी चरित मानस, मंगल पाठ करेंगी।

#### कुमारडीह व बेलाखोन्दा के विद्यालय में वार्षिक खेलकूद

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कुमारडीह गांव मंगल प्रभा जैन महराज शिशु मंदिर कुमारडीह में प्रभाकर विजय महाराज की पुण्य तिथि पर खेलकुद-एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

#### 74वीं जयंती पर शहीद निर्मल महतो को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर 2 पिट प्रोजेक्ट ऑफिस के निकट शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष कालीचरण महतो के नेतृत्व में शहीद की मूर्ति पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

#### चौकीदार परीक्षा का एडमिट कार्ड वितरण शुरू

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर अंचल कार्यालय से चौकीदार परीक्षा का एडमिट कार्ड का वितरण अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह की देखरेख में बुधवार से शुरू किया गया। वितरणगुरुवार को भी जारी रहेगा। धनबाद जिला के वेबसाइट पर भी यह जानकारी दी गई है।

#### अडानी फाउंडेशन ने किया सामग्री वितरण

**सिंदरी।** ग्रामीण युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने में अदानी फाउंडेशन सिन्दरी सीमेंट वर्कस द्वारा सीएसआर के तहत फुटबॉल व क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए किट का वितरण किया गया। अदानी फाउंडेशन कोचिंग व प्रशिक्षण के माध्यम से फुटबॉल की 4 टीमों के 64 खिलाडियों व 14 महिला किकेट खिलाड़ियों की टीम को सहयोग कर रहा है। सिंदरी सीमेंट वर्क्स के एच आर प्रबंधक अंबरीन इकबाल, वित्त प्रबंधक मणिशंकर, सुरक्षा प्रमुख मीतेश सहित अन्य सामाजिक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# खेत में मिला आपराधिक चरित्र के व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कोरकोट्टा गांव निवासी कपिल ठाकुर को हिरासत में लेकर की पूछताछ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरकोट्टा ग्राम पंचायत की पश्चिम दिशा में स्थित नया बांध के समीप बुधवार को खेत से दुर्गंधा देता शव को हरिहरपुर थाना की पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान हरिहरपुर गाव निवासी स्व सरजू सिंह के पुत्र टिकला सिंह (45) के रूप में हुई है। शरीर पर धारदार हथियार से काटे जाने के कई जख्म पाए गए हैं।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया और संदेह के आधार पर कोरकोट्टा गांव निवासी कपिल ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह स्थानीय महिलाएं गोबर चुनने निकली थी। दुर्गंध मिलने पर खेत के पानी में उपले शव पर नजर पड़ी। पूरे गांव में खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार, टिकला सिंह की हत्या कर उसके शरीर पर नमक डालकर खेत में गाड़ दिया गया था। हरिहरपुर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।



**कौन था टिकला सिंह :** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार टिकला सिंह पर कई संगीन आपराधिक मामले हैं। कुछ मामलों में टिकला सिंह जेल भी जा चुका था। वर्ष 2015 में जेल से बाहर आने के बाद टिकला सिंह होली मिलन समारोह के दौरान हरिहरपुर गांव निवासी मकसूद अंसारी को गोली मार कर हत्या कर दी थी। फिलहाल हरिहरपुर पुलिस हत्याकांड में कड़ी से कड़ी जोड़कर रहस्य को खोलने में जुट गई है।

## धूम-धाम से मनाया गया ठाकुर अनुकूल का जन्मोत्सव

**भजन-कीर्तन और नृत्य का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** युग पुरुषोत्तम ठाकुर अनुकूल का 137 वां जन्मोत्सव समाहरोह का आयोजन डिगवाडीह टाटा कोलियरी स्थित समुदायिक भवन के प्रांगण में धनबाद सत्संग कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन मंडली के झरना महतो, रीता दास, कोनिका महतो, भारती महतो, शीला महतो, इतु दत्ता आदि ने अनुकूल ठाकुर की जीवनी पर बांग्ला एवं हिंदी में भजन प्रस्तुत किया, जोआकर्षण का केन्द्र रहा। 7 वर्ष की रिया ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। देवघर से आये भजन गायक ने भजनों के जरिये अनुकूल ठाकुर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सद्गुरु के शरणपन्न होऊं, सतनाम मनन करो, सतसंग का आश्रय ग्रहण करो तभी निश्चित ही उन्नयन के लिए सोचना नहीं होगा। सुबह समवेत प्रार्थना, नामजप, वाणीपाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण, साधना धर्म सभा, महाप्रसाद भंडारण बितरण, सत आलोचना, संध्या प्रार्थना आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में सृष्टि पद महतो, एस के दास, बासुदेव महतो, युधिष्ठिर महतो, अमर पाल, लखी सिंह, सुभाष महतो, रोबी दता, कामदेव महतो, नकुल लाल महतो आदि।



## आचारहीन व्यक्ति धरती पर और यमपुरी में भी दु:ख पाता है: सुरेंद्र

**भागवत कथा के तीसरे दिन**

**महाराज ने सुनाया राजा परीक्षित का वृतांत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** राधाकृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधाकृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर में भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास सुरेंद्र हरिदास ने कहा कि आचार-विचार हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

मनुष्य को अपने आप को पवित्र रखना चाहिए। मनु स्मृति में ऐसा कहा गया है कि जो मनुष्य आचारवान होता है, वह आयु को प्राप्त करता है। सुन्दर श्रेष्ठ संतान को प्राप्त करता है । धन- सम्पदा को प्राप्त करता है । वह जीवन में होने वाले अपने सारे अनिष्ट का नाश कर देता है।

उन्होंने बताया कि दुराचारो ही पुरुषो लोके भवति निन्दितः। जो मनुष्य दुराचारी होता है। संसार में वह निंदित होता है। उसकी लोग निंदा करते हैं और आचारहीन व्यक्ति हमेशा दुःख पाता है और यमपुरी में भी दुःख पाता है। इसलिए आज कल जो विचार चल रहे हैं कि मेरा जो मन करेगा, वही मेरी लाइफ है। सनातनियों को ऐसा नहीं करना चाहिए। हमें जीवन कुछ समय के लिए मिला है, उस जीवन को अपने तरीके से मत जियो। उस जीवन को शास्त्रों के तरीको से जियो। महाराज ने कहा कि आत्मा की कोई जाति नहीं और आप शरीर नहीं होता । शरीर तो ऐसे समझो जैसे किराये का मकान आज है , कल नहीं लेकिन आपके पवित्र आचरण आपको कही भी पहुंचा सकते हैं । महाराज ने कहा कि राजा परीक्षित को श्राप लगा कि सातवें दिन तुम्हारी मृत्यु सर्प के डसने से हो जाएंगी।



परीक्षित ने यह जान कर उसी क्षण अपना महल छोड़ दिया। राजा परीक्षित अपना सर्वस्व त्याग कर अपनी मुक्ति का मार्ग खोजने निकल पड़े गंगा के तट पर। गंगा के तट पर पहुंचकर जितने भी संत महात्मा थे, सब से पूछा कि जिसकी मृत्यु सातवें दिन है, उस जीव को क्या करना चाहिए।

### एक नजर में

#### धूम धाम मनाया गया तुलसी पूजन उत्सव

**कतरास।** कतरास के केशलपुर फुटबॉल मैदान में तुलसी पूजन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सामुहिक रूप से तुलसी माता की पूजा अर्चना की गई। संघ के प्रमोद झा ने तुलसी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तुलसी का महत्व हमारे धर्मग्रंथो सहित वेद,पुराण, उपनिषद आदि में वर्णित है। स्कंद पुराण के अनुसार जहां तुलसी की पूजा अर्चना की जाती है।

#### सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल जी की जयंती

गिरिडीह। अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती,उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरासाँख में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनय पांडेय ने की। भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला पर्यावरण समिति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

#### रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नाइट बल्ड सर्वे

**जमुआ।** जमुआ प्रखंड के हरला पंचायत में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का शुभारंभ हरला मुखिया बेबी देवी द्वारा किया गया, जिसमें गांव के सभी ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और लोगों का सेम्पल लिया गया। कैम्प को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपना पूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वेक्टर जनित रोग की रोकथाम करना है।

#### बिजली के खंभे पर चढ़कर युवक ने दी जान

**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के इरचिट्टा गांव में एक विक्षिप्त युवक ने बिजली के खंभे में लटक कर अपनी जान दे दी। युवक की पहचान 23 वर्षीय अनिल मरांडी के रूप में की गयी। युवक विक्षिप्त था और कल शाम से ही घर से गायब था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कंही अता पता नहीं चला। इसी बीच सुबह में परिजनों को जानकारी मिली कि एक युवक बिजली के खंभे में लटका हुआ है। परिजन पहुंचे तो अनिल मरांडी को खंभे पर लटका पाया।

#### यौन शोषण की शिकार महिला को न्याय मिलने की उम्मीद जगी

**कतरास।** यौन शोषण की शिकार महिला की लिखित शिकायत के आधार पर महिला थाना ( बाघमारा) पुलिस ने आरोपी कथित पति रौशन चौहान एवं उसकी मां और भाई के खिलाफ कांड अंकित कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस द्वारा मामले में ठोस कदम उठाये जाने के बाद पीड़िता को इंसाफ की उम्मीद जगी है। पीड़िता ने बताया कि वह पहले शादीशुदा थी।

#### धूमधाम से मनाई जाएगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**गिरिडीह।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 जनवरी को धूमधाम से मनाने के लिए बुधवार को कृष्णानगर गिरिडीह में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय नाई महासभा गिरिडीह के जिलाध्यक्ष नन्दलाल शर्मा ने की। बैठक में तैयारी समिति का गठन और प्रखंड वार बैठक करने का निर्णय लिया गया। 31 दिसंबर को भी बैठक बुलाई गई है।

#### तोपचांची में गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के सिंहदाहा पंचायत स्थित गेहूंबाद चौक पर बुधवार को अंबेडकर क्लब के सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। अंबेडकर वादियों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन किया गया है।

#### संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं : सिंह

धनबाद। जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचने पर विभिन्न संस्थाओं एवं जनता द्वारा स्टार प्रचारक कांग्रेस की लोकप्रिय नेत्री अनुपमा सिंह का जोरदार अभिनंदन किया गया। जनता दरबार में समस्याओं को सुना और पदाधिकारी से बात कर उसका निदान किया। उन्होंने कहा कि आज सत्ता के सनक में चूर भाजपा की सरकार लगातार गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी करती आ रही है और अब तो हद पार हो गई। उन्होंने में गृहमंत्री अमित शाह से माफी मांगने की मांग की।

## बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अरूप चटर्जी का पुतला जलाया

**सांसद ढुल्लू महतो ने कभी किसी बांग्ला भाषी का अपमान नहीं किया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा सिनेमा हॉल मोड़ पर बुधवार को बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के बैनर तले निरसा के वर्तमान विधायक एवं भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में बांग्ला भाषा ऑनलाइन समिति के सदस्यों द्वारा कहा गया कि मंगलवार को हमारे बैनर का दुरुपयोग करते हुए हमारी अनुमति के बिना कुछ लोगों द्वारा धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया गया, जो निंदनीय है। सांसद ढुल्लू महतो ने कभी किसी बांग्ला भाषी का अपमान नहीं किया है। वह भाजपा के सम्मानीय नेता हैं। भाजपा हमेशा से हर धर्म, हर पंथ के लोगों को साथ लेकर चलती है एवं चलती रहेगी। इसलिए यह कहना कि उनके द्वारा बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी कहा गया है, गलत है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता सुरजीत चंद्र ने कहा कि विधायक अरूप चटर्जी हमेशा से बंटवारे की राजनीति करते आए हैं।



## महामना की 164 वीं जयंती मनायी ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नगर निगम स्थित यूनियन बैंक के नजदीक बुधवार को भारत रत्न से अलंकृत महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 164 वीं जयंती पर समस्त ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनकी जीवनी पर महिला मोर्चा की नेत्री तारा पाठक, बोबी पांडेय,भागवत प्रसाद पांडेय वशिष्ठ ब्राह्मण समाज के संरक्षक हृदय कुमार मिश्र ने प्रकाश डाला। मौके पर ब्राह्मण समाज के सुरेश चन्द्र तिवारी, स्टेट बार काउंसिल एग्जीक्यूटिव कमिटी के चैयरमेन अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, बृज मोहन मिश्रा, आदि ने महामना की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।



## मैथन डैम पर उमड़ी सैलानियों की भीड़, जमकर की मस्ती

**पार्कों, पहाड़ों की तलहटियों एवं जलाशय के किनारे पिकनिक का आनंद उठाया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** मैथन डैम पर क्रिसमस डे के पर सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही झारखंड-पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से वाहनों पर सवार होकर कोई सपरिवार तो कोई अपने मित्र मंडली के साथ मैथन डैम पहुंचने लगे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, सैलानियों की भीड़ भी बढ़ती गई। सैलानियों ने डैम स्थित पार्कों, पहाड़ों की तलहटियों एवं जलाशय के किनारे पिकनिक का जमकर आनंद उठाया, फिल्मी गानों पर चहक चहक कर थिरके व जमकर मस्ती की। सैलानियों ने जलाशय में नौकाविहार का भी खूब लुत्फ उठाया। भीड़ को देखते हुए सीआईएसफ, होमगार्ड एवं स्थानीय पुलिस जगह-जगह तैनात नजर आई। डैम और सैलानियों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ ड्रोन कैमरा और दूरबीन से निगरानी करते नजर आए।

सैलानी मिलेनियम पार्क, फूल बागान, छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, थर्ड डाईक, सुलेमान पार्क आदि जगहों डैम के प्राकृतिक सौंदर्य एवं मनमोहक दृश्यों का आनंद उठाते रहे और मनमोहक दृश्यों को अपने मोबाइल फोन में कैद किया। सभी डैम की हसीन वादियों में सेल्फी लेते नजर आए। डीवीसी प्रबंधन ने सैलानियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर डैम पर वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया था। इस कारण डैम के आसपास गाड़ियों की लंबी लाइन देखी गई। डीवीसी प्रबंधन द्वारा पार्क की व्यवस्था की गई है, लेकिन गाड़ी वहां तक नहीं पहुंच पा रही थी। सैलानी भी जहां-तहां गाड़ी लगा दे रहे थे, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि सुरक्षाकर्मियों की तत्परता के कारण अधिक देर तक जाम नहीं रहा।





## क्रिसमस की छुट्टी मनाने भटिंडा फाल में उमड़ा सैलानियों का हुजूम



**पुटकी।** मुनीडीह क्षेत्र के भटिंडा फाल में क्रिसमस के दिन सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोगों ने छुट्टी के इस दिन का जमकर लुत्फ उठाया। हर कोई भटिंडा फॉल के इस मनोरम दृश्य और चट्टानों से गिरते झरने को मोबाइल के कैमरे में कैद करने को आतुर था। स्थानीय बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष संदीप महतो ने सैलानियों से स्वच्छता पर ध्यान देने और थर्माकोल के प्लेट की बजाय पत्ता वाले प्लेट का उपयोग करने की अपील की। कहा कि समिति के वॉलिंटियरों द्वारा जारी दिशा निर्देश का अवश्य पालन करें। मौके पर मनोज कुमार, जेपी महतो, सतीश महतो, गौतम महतो, लखीराम बाउरी, दिनेश महतो, अभय महतो, नितेश महतो, सोनू महतो, मनोरंजन बाउरी आदि मौजूद थे।

### तोपचांची झील की सुंदरता देखने उमड़ी पर्यटकों की भीड़



तोपचांची झील की प्राकृतिक और नैसर्गिक सुंदरता की अलग पहचान है . इसकी अनुपम सुंदरता का आनंद लेने के लिए सालों भर यहां पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। बुधवार को क्रिसमस के मौके पर तोपचांची झील की सुंदरता का आनंद लेने पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्यटकों ने झील के आसपास के क्षेत्र में पिकनिक मनाई। झील की सुंदरता और शांत वातावरण ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पर्यटकों ने झील के आसपास के क्षेत्र में फोटोग्राफी का भी आनंद लिया।

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची.गुरुवार .26 दिसंबर 2024

# गिरता विकास दर

भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कहीं कम यानी 5.4 प्रतिशत रही है। इसकी वजह निजी उपभोग व्यय और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में गिरावट है। ईवाई की रिपोर्ट में यह बात कही गई। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में जीडीपी की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। इससे पिछली तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी। जुलाई-सितंबर में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में गिरावट मुख्य रूप से घरेलू मांग के दो प्रमुख तत्वों निजी अंतिम उपभोग व्यय और सकल स्थायी पूंजी निर्माण में संयुक्त रूप से 1.5 प्रतिशत अंक की कमी के कारण आई। मांग की एक उल्लेखनीय विशेषता निवेश में सुस्ती है, जैसा कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण की वृद्धि में परिलक्षित होता है। इस वृद्धि के वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो छह तिमाहियों का निचला स्तर है। इस तथ्य के अलावा कि निजी निवेश की मांग में तेजी नहीं आई है, सरकार के निवेश खर्च की वृद्धि नकारात्मक रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसमें 15.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। ईवाई इकनॉमी वॉच दिसंबर 2024 में वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2024 वित्तीय वर्ष) और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2047-48 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत के राजकोषीय दायित्व ढांचे में सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है। टिकाऊ ऋण प्रबंधन, सरकारी बचत को खत्म करने तथा निवेश आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पुनसंयोजित दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, जिससे भारत के विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने का मार्ग प्रशस्त होगा।



## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# जमीनी नहीं मनोवैज्ञानिक कब्जा चाहता है चीन



चीन क्या चाहता है? वह 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिविधियां बढ़ाने के बावजूद उन्हें गोलीबारी तक पहुंचने से रोके हुए है। ऐसा करके वह भारतीय सैनिकों और आम जनमानस को भड़का क्यों रहा है? उसका लक्ष्य और संदेश क्या है? हम इन सब को लेकर किस प्रकार की प्रतिक्रिया दे रहे हैं?

फिलहाल सैन्य जवाब नहीं दिया जा रहा है। भारत के सशस्त्र बल जमीन पर पर्याप्त और प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। इसे वीरान और अलग-थलग मोर्चे पर हाथापाई और धक्कामुक्की के एक निरंतर चल रहे सिलसिले के रूप में नहीं देखा जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि चीन चाहता क्या है। अगर केवल भूभाग का मामला होता तो वह गोलाबारी से परहेज न करता। तब उसने दूर से मार करने वाले हथियार आजमाये होते ताकि न्यूनतम मानव क्षति हो।

क्या वह इसलिए कर रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ लगे इलाके और लद्दाख की तरह बफर जोन में बदले गए इलाके को तर्कसंगत ठहराया जा सके? केवल इतना करने के लिए वह 15,000 फुट की ऊंचाई पर और इतने विपरीत हालात में करीब तीन डिवीजन और भारी हथियार नहीं तैनात करेगा। इससे न तो उसकी सुरक्षा मजबूत होगी, न ही संसाधनों तक उसकी पहुंच बेहतर होगी, न ही अपने इलाके की रक्षा करने की भारत की इच्छाश ?क्ति कमजोर होगी। इसके बावजूद भारत में चीन की हरकतों को लेकर सारी बहस भूभाग पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो सतर्कता बरतते हुए कभी चीन का नाम नहीं लेते उन्होंने 2020 में एक दफा इस मुद्दे पर कुछ कहा था और वह यह कि कोई नहीं आया।

विपक्ष की आलोचना और सामरिक टिप्पणियां भी भूभाग पर केंद्रित रहती हैं। हाल के दिनों में राहुल गांधी भी मोदी पर हमला करते हुए दिखे कि चीन के हाथों जमीन गंवाने के बावजूद मोदी चुप हैं। तृणमूल कांग्रेस से लेकर असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम तक तमाम विपक्षी दलों का यही रुख है।

चीन के कदमों या उसकी हरकतों से नहीं लगता कि वह जमीन पर कब्जा करना चाहता है। बहुत संभव है कि वह हमारे दिमागों पर काबिज होना चाहता है। वह सैन्य तैनाती के मामले में भारत को पीछे छोड़ना चाहता है और शीत युद्ध के बाद के तीन दशकों के सामरिक पुनसंर्तुलन के बीच भारत को असंतुलित करना चाहता है। भारत-अमेरिका नाभिकीय समझौते के बाद इस प्रक्रिया ने जोर पकड़ा और मोदी के आगमन के बाद इसे नए सिरे से गति मिली।

चीन भारत को कई जटिल सामरिक और राजनीतिक संदेश दे रहा है। हम भी जमीन या सैन्य रणनीतिक मसलों पर ध्यान देकर अपना कुछ खास भला नहीं कर रहे हैं। इससे हमारी राजनीतिक और सामरिक संस्कृति के बारे में भी कुछ अच्छी बात सामने नहीं आती। हमें इस विषय को आगे और खंगालने की आवश्यकता है। कोई पक्ष जब जंग हार जाता है तो वह आने वाली कई पीढ़ियों तक उसी जंग को बार-बार लड़ता रहता है। एक कठोर सत्य यह है कि वह युद्ध 60 वर्ष पहले हुआ था। तब से अब तक दुनिया बहुत बदल चुकी है। भूराजनीति बदली है, शीतयुद्ध समाप्त हो चुका है, चीन भी बदला है और भारत भी। सैन्य मामलों में भी क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। अब यांत्रिक शक्ति की जगह साइबर लड़ाई, ड्रोन, रोबोट और मानव संपर्क की कमी ने ले ली है। यही वजह है कि विपक्ष ने गश्त के अधिकार या कथित रूप से भूभाग गंवाने को लेकर हमले शुरू कर दिए। शायद मोदी सरकार भी उसी पुराने सोच से ग्रस्त है और इसी के चलते वह संसद में इस विषय पर चर्चा की इजाजत नहीं दे रही है।



-शेखर गुप्ता

> अब यांत्रिक शक्ति की जगह साइबर लड़ाई, ड्रोन, रोबोट और मानव संपर्क की कमी ने ले ली है। यही वजह है कि विपक्ष ने गश्त के अधिकार या कथित रूप से भूभाग गंवाने को लेकर हमले शुरू कर दिए। शायद मोदी सरकार भी उसी पुराने सोच से ग्रस्त है और इसी के चलते वह संसद में इस विषय पर चर्चा की इजाजत नहीं दे रही है।

अगर मामला जमीन का या गश्त के अधिकार का हो तो घरेलू राजनीति में मामले को तब तक निर्णायक रूप से हल करना असंभव है जब तक आप यह खुलासा करने को तैयार न हों कि आप कहां थे और कहां हैं? ये दोनों बातें दिक्कतदेह हो सकती हैं। मैं इनके विस्तार में नहीं जाऊंगा।

वास्तव में चर्चा व्यापक राजनीतिक, सामरिक और भूराजनीतिक पहलुओं के बारे में होनी चाहिए और हमारा राजनीतिक माहौल उसके लिए तैयार नहीं है। भाजपा दो कारणों से हिचक रही है। पहली वजह राजनीतिक है और वह यह कि पार्टी नहीं चाहती कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड पर सवाल उठाया जाए या उस पर सार्वजनिक चर्चा हो। वह पार्टी को वोट दिलाने वाले सबसे बड़े नेता हैं।उनकी सबसे बड़ी योग्यता यही बताई जाती है कि आजाद भारत के इतिहास में राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर वह सबसे मजबूत रुख रखते हैं। शी चिनफिंग समय-समय पर इसे चोट पहुंचाते रहते हैं। दूसरी वजह भी राजनीतिक है लेकिन वह उतनी दलगत नहीं है। मौजूदा दौर में वै ?श्विक श ?क्ति के पुनसंर्तुलन की जो जरूरत है, भारत जिस तरह के कदम उठा रहा है, ?इसमें जो संवेदनशीलता शामिल है, वह जिस गुणवत्ता वाली बहस की मांग करता है वह मौजूद ही नहीं है।

ऐसा नहीं है कि हमारे राजनीतिक वर्ग के परिपक्वता की कमी है। अ ?धिकांश प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं में यह क्षमता है और वे ऐसा कर चुके हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तेजी से बदलते वै ?श्विक समीकरण को समझते हैं। बात बस यह है कि उनके और सत्ताधारी दल के बीच समुचित विश्वास की कमी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली सरकार के आगमन के साढ़े आठ वर्ष बाद तक विपक्ष को कभी भरोसे में नहीं लिया गया। यहां तक कि बंद दरवाजों के पीछे होने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा के संवेदनशील मसलों पर भी नहीं। यह राजनीतिक बिखराव देश की सबसे बड़ी सामरिक कमजोरी है।

## लेटर टू एडिटर

### जरूरत की फसल

**फसल** का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इसका मुख्य कारण है किसानों का एक ही फसल को बार-बार उगाना। फसलों की विविधता से विमुख रहना। किसान की आय तभी बढ़ेगी जब किसान जरूरत के अनुसार खेती करेगा। हर साल गेहूं और चावल की खेती ही करता रहेगा तो भला आय कैसे बढ़ेगी। सब कुछ उगाना होगा ताकि हमारे देश में किसी भी फसल की कमी न रहे। **- सतपाल खूंटी**

### बढ़ती भूमिका का सम्मान

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत द्वारा द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर सम्मान से नवाजा गया है, जो मित्रता का प्रतीक है। यह सम्मान पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश को भी मिला था। मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतर्राष्ट्रीय पहचान मजबूत हुई है, और विश्व के ज्वलंत मुद्दों पर भारत की भूमिका बढ़ी है। खाड़ी देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध व्यापार, पर्यटन और कूटनीतिक सहयोग को बढ़ावा देंगे, खासकर आतंकवाद के खिलाफ समर्थन के संदर्भ में।

**-वीरेंद्र कुमार, रांची**

## ट्वीट

**भारत** अपनी दिव्य यौगिक आभा और सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से विश्व को शांति और समन्वय का मार्ग दिखा रहा है। ह्सर्वे भवन्तु सुखिनःह्व और ह्ववसुधैव कुटुंबकम्ह्व जैसे मंत्रों ने एकात्मता और वैश्विक भाईचारे का संदेश दिया है।आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी के अद्वैत वेदान्त और भारत के आध्यात्मिक विचार आज की वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं। भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य मानवीय संघर्षों को समन्वय और आत्मिक ज्ञान के माध्यम से सुलझाना है, जो इसे विश्व में अद्वितीय बनाता है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# नव वर्ष 2025 पर गीता के निष्काम योग का चिंतन,मनन और अध्ययन करें



**अजयदीप बाधवा**

**गीता** सनातन धर्म का एक ऐसा ग्रंथ है जो हमें सदैव पुरुषार्थ करने की प्रेरणा देता है। 25 दिसंबर को श्री गीता जयंती है। इसके साथ ही हम क्रिसमस मनाते हैं महान राजनेता अटल जी का जन्म दिन है, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के संस्थापक मदन मोहन मालवीय जी का भी जन्म दिन है। पूरी दुनिया में अवकाश और क्रिसमस का माहौल होता है। हम सब भी वर्ष 2025का स्वागत कर रहें हैं। नये वर्ष पर इस महान धर्मग्रंथ हमें निष्काम कर्म की सीख देते हुए परिणाम की चिंता न करने की सलाह देता है क्योंकि कर्म पर हमारा वश है, फल पर नहीं । गीता महाभारत के भीष्म पर्व का अंग है जिसमें कुल 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं । भारतीय मनीषी परंपरा में माना गया है कि भारतीय तत्व ज्ञान यदि गाय है तो गोपाल नंदन श्री कृष्ण दूध दुहने वाले पुरुषोत्तम हैं और गीता भारतीय तत्वज्ञान रूपी गाय से प्राप्त दुग्धामृत है । मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी को महाभारत युद्ध के प्रारंभ में जब वीर धनुर्धर अर्जुन माया-मोह के जंजाल में फंस गए थे तो उनके सारथी बन युद्ध में अपनी भूमिका निभा रहे भगवान श्री कृष्ण ने अपना विराट रूप दिखाते हुए उन्हें गीता का ज्ञान दिया था ।

इस ज्ञान को अर्जुन के अलावा संजय और धृतराष्ट्र को भी सुनने का मौका मिला था । इसलिए इस दिवस को गीता जयंती के रूप में भी मनाया जाता है । वैसे कहा जाता है कि गीता का प्रथम ज्ञान ब्रह्मांड के अलौकिक तेज से सबसे पहले भगवान सूर्य को प्राप्त हुआ था और उसके बाद वैवस्वत मनु को । वैवस्वत मनु से यह ज्ञान राजा इक्ष्वाकु को मिला । महाभारत में श्लोक के रूप में इसे संकलित करने का श्रेय ऋषि वेदव्यास को जाता है । पूरा महाभारत उनके कहे अनुसार भगवान श्री गणेश ने लिपिबद्ध किया था । आधुनिक काल में भी अनेक विद्वानों ने गीता पर भाष्य लिखे । स्वामी विवेकानंद ने गीता ज्ञान को सुदूर पश्चिम तक पहुंचाया ।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गीता ग्रंथ से जोड़ने का श्रेय भी स्वामी विवेकानंद को ही जाता है । स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांडले कारावास में रहने के दौरान श्रीमद्भागवत गीता रहस्य अथवा कर्म योग शास्त्र लिखा जिसमें इस पवित्र ग्रंथ के श्लोकों की विशद व्याख्या की गई है । श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक हमें निराशा में आशा और अंधकार में प्रकाश की किरण दिखाते हैं । ये हमें अज्ञानता से ज्ञान और भ्रम से सत्य की ओर ले चलते हैं । एक श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।। अर्थात मैं केवल देह नहीं हूं, देह तो मेरा आवरण मात्र है। मैं कभी न मरने वाला अखंड और व्यापक आत्मा हूं। वह आत्मा जिसे शस्त्र काट नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती, पानी गला नहीं सकता और वायु सुखा नहीं सकती है।श्रीमद्भगवतगीता का एक श्लोक कर्म योग दर्शन का मूल आधार है । इस श्लोक में भगवान कृष्ण कहते हैं-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात कर्म पर ही तुम्हारा अधिकार है, लेकिन कर्म के फलों में कभी नहीं... इसलिए कर्म को फल के लिए मत करो ।

इसी तरह दूसरे श्लोकों में भी भगवान श्री कृष्ण जीवन-मृत्यु, इहलोक-परलोक तथा सत्य-असत्य से जुड़ी हुई गुत्थियों को सुलझाते हुए जीवन के सूक्ष्मतम रहस्यों से पर्दा हटाते हैं और अपना विकराल रूप दिखाते हैं । इन श्लोकों में जीवन-दर्शन है-क्रोधाद्भवति संमोहः अर्थात क्रोध से मनुष्य की मति मारी जाती है यानी मूढ़ हो जाती है जिससे स्मृति भ्रमित हो जाती है। स्मृति-भ्रम हो जाने से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है और बुद्धि का नाश हो जाने पर मनुष्य खुद अपना ही का नाश कर बैठता है।

( लेखक मोटिवेटर सह कर विषयों के जानकार हैं। 9431107515 )

## मोटिवेशन

> श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक हमें निराशा में आशा और अंधकार में प्रकाश की किरण दिखाते हैं । ये हमें अज्ञानता से ज्ञान और भ्रम से सत्य की ओर ले चलते हैं । एक श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।। अर्थात मैं केवल देह नहीं हूं, देह तो मेरा आवरण मात्र है। मैं कभी न मरने वाला अखंड और व्यापक आत्मा हूं।

# वर दिये सुत चार, जग जीवत कई हजार गुरु गोबिंद सिंह जी

## धर्म



**गाथा चमकौर की**
**इंद्रजीत सिंह डिम्पल**

आनंदपुर साहब का किला छोड़ने के पश्चात श्री गुरु गोविंद सिंह जी अपने 40 सिंघों के साथ और दो साहिबजादो को लेकर आगे बड़े । गुरूपिता को पता लगा की औरंगजेब का खास सिपाहसलार वजीर खान 10 लाख की मुगल फौज के साथ उन्हें जिंदा या मुर्दा पकड़ने के फरमान के साथ उनकी तरफ बढ़ रहा है । इस दौरान गुरु साहब ने चमकौर गांव के एक ऊंचे टिले पर बनी कची हवेली में शरण ली जो बाद में चमकौर की गड़ी के नाम से प्रसिद्ध हुई ।

पता लगते ही इसी गड़ी को मुगलो ने चारों तरफ से घेर लिया और एक विशाल फौज के साथ चमकौर की गड़ी पर आक्रमण कर दिया । युद्ध कौशल में पारंगत दशमेश पिता ने अपने साथ केवल 40 सिक्ख योद्धाओं को उपस्थित प्रकार उनके मनोबल को गुरबाणी के पाठ द्वारा उनका मनोबल उंचा किया और स्मरण कराया की धर्म और देश के लिए यह एक निर्णायक युद्ध होगा` जो भारतवर्ष के इतिहास को परिवर्तित कर देगा ।

पांच-पांच सिंघों की टुकड़ियों मे खालसा, फौजी के रूप में गोरिल्ला आगाज शुरू किया । वजीर खान की पूरी फौज को नेस्तनाबूद कर दिया । जब अकाल पूरख की फौज के सिघं साहबान मुगल बादशाह की विशाल फौज से लड़ते-लड़ते शाहिद होते चले गए तब गुरु जी के बड़े बेटे बाबा अजीत सिंह (17 वर्ष)ने युद्ध में जाने की इजाजत मांगी ।

दशम पिता गुरु गोविंद सिंह ने अपने हाथों से उन्हे युद्ध के कपड़े पहना कर तीर धनुष दिया और अरदास के उपरांत रवाना किया। कहते हैं की बड़े साहबजादे के युद्ध भूमी में पहुंचने के बाद जैसे जलजला सा आ गया और चारों तरफ उस वीर योद्धा की बहादुरी और अत्यंत दक्ष युद्ध कौशल के चलते मुगल सैनिक पीछे की ओर भागने लगे । इस दौरान साहिबाजादा अजीत सिंह के तरकश में तीर समाप्त हो गए और मुगल सैनिकों ने उन्हें घेर कर शहीद कर दिया ।

इतिहासकार यह भी बताते हैं की साहबजादा अजीत सिंह सम्भवता एक ऐसी छोटी उम्र के योद्धा थे, जिनको युद्ध में सबसे ज्यादा घाव लगें` लगभग 100 से अधिक तीर उनके शरीर में पाए गए थे, इसके उपरांत भी वो तब तक लड़ते रहे जब तक उनका तर्कश खाली नहीं हो गया`

उनकी शहादत के पश्चात बाकी बचे हुए सिखों के विरोध के बावजूद दूसरे साहिबजादे बाबा जुझार सिंह (उम्र 13 वर्ष) को गुरु-पिता ने जंगे मैदान में रवाना किया, और परमेश्वर से अरदास की और कहा कि जाओ और जंग फतेह करके आओ ।



जुझार सिंह ने युद्ध के मैदान में पहुंचकर मुगल सैनिकों को गाजर मूली की तरह काटना शुरू किया और इतनी बड़ी फौज के सामने लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस युद्ध में गुरु जी के दो पुत्रों साहिबजादा अजीत सिंह व साहिबजादा जुझार सिंह और 34 सिंह भी शहीद हो गए। इस युद्ध में 6 सिक्ख बचे। गुरु गोविंद सिंह ने इस युद्ध का वर्णन जफरनामा में किया है।

रात के समय जब गुरु पिता युद्ध के मैदान में गए तो उन्होंने देखा की हर जगह लाशे हि लाशे बिछी हुई है` इतने में भाई बाबा दया सिंह जी ने देखा कि बड़े साहबजादे अजीत सिंह का शव जंगे मैदान में पड़ा हुआ है, तो उन्होंने अपना कमर कस्सा (कमर में बंधा हुआ कपड़ा )खोलकर बड़े साहबजादे के पार्थिव शरीर पर डालने की कोशिश की` इस पर गुरु साहब ने कहा की भाई दया सिंह जी यह क्या कर रहे हो ? उन्होंने कहा महाराज साहबजादे का शरीर नंगा था तो मैंने उसे कफन देने का प्रयास कररहा था` तो गुरु पिता ने कहा कि यहां शाहिद सभी सिंह मेरे बच्चे हैं ,अगर सबके लिए कफन का इंतजाम हो सकता है तो करो, नहीं तो जो जैसा है वैसा छोड़ दो` यह कर गुरु साहब ने आकाश की ओर देखा, अरदास की और परमेश्वर से अनुरोध किया कि सभी शहीदों को बैकुंठ में निवास मिले, और उनके लिए स्वर्ग के दरवाजे खोल दिए जाएं ।

इस दौरान उन्होंने पता लगाया तो उन्हें पता लगा कि दोनों छोटे साहबजादे अपनी दादी के साथ गंगू रसोइया की देखरेख में उसके गांव चले गए हैं` गुरु साहब फिर सरसा नदी पार करके मच्छीवाडे के जंगलों की तरफ चले गए`

चमकौर का युद्ध निश्चित तौर पर अपने आप में अद्भुत रहा है` यह दशमेश पिता के जीवन का अंतिम युद्ध था, और संभावित धरमंध मुगल सुल्तान औरंगजेब का भी यह अंतिम युद्ध रहा होगो यह युद्ध इस रूप में भी विख्यात है कि 10 लाख की फौज को कैसे केवल 40 खालसा सिंघो में परास्त कर दिया` इतिहासकार बताते हैं कि जब यह युद्ध हो रहा थातो आकाश से सभी देवता इसका अवलोकन कर रहे थे और खालसा सैनिकों को अपना-अपना बल और शक्तियां प्रदान कर रहे थे , जिसके चलते केवल मुट्ठी भर सैनिक इतनी विशाल फौजी से लोहा ले सके

आज के दिन गुरुद्वारे में विशेष दिवस जाया जाता है और उन शहीदों को नमन करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर धर्म और राष्ट्र के लिए मर मिटने का संकल्प लिया जाता है` आज के कार्यक्रम में अरदास के उपरांत साधारण प्रसाद का वितरण किया जाता क्योंकि यह विशेष सप्ताह उन शहीदों को समर्पित है। गुरु पंत का दास

स्पीड न्यूज

## माहवारी स्वच्छता एवं जागरूकता को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

डोमचांच (कोडरमा)। फ्यूजन फाइनेंस अपने सीएसआर इनिशिएटिव के तहत अनाहत फोर चेंज फाउंडेशन के साथ गरिमा परियोजना के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता एवं जागरूकता को लेकर बेहराडीह पंचायत स्थित मंदिर प्रांगण में मॉड्यूल प्रारूप का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें हेल्थ ट्रेनर प्रीति, अर्चना कुमारी ने माहवारी प्रक्रिया पर खुलकर चर्चा की। साथ ही पैड का सही उपयोग और निपटार के बारे में बताई। इसके अलावा माहवारी से जुड़े वैज्ञानिक तर्क को समझाया कि कैसे यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जुड़ा है। वहीं मुखिया खुशबू कुमारी ने कहा कि अब माहवारी पर खुल के चर्चा करने के साथ-साथ पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। मौके पर कुमारी दीप्ति, नेहा कुमारी, मुन्नी देवी, प्रभाकर कुमार, पंकज यादव, मालती देवी आदि मौजूद थे।

## बेटे ने की घर से मां के 20 लाख के जेवर की चोरी

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर में एक कलयुगी बेटे का चौकाने वाला मामला सामने आया है। बेटे ने अपनी ही मां के लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर ली है। दरअसल तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर लेने की सूचना तिलैया पुलिस को मिली। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित गीता देवी ने बताया कि दिन के 2 बजे के आस-पास वे अपने घर के बाहर ही घूम रही थी। जैसे ही वे अपने घर में प्रवेश की तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला पड़ा है। जैसे ही वे कमरे में प्रवेश की उनके होश उड़ गए। घर में रखा अलमारी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे जेवर गायब थे। उन्होंने शोर मचाया तो आस-पास के लोग वहां इकठ्ठे हुए। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई, जिसके पश्चात् पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई और महज एक घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए इसमें लिप्त उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

## अधेड़ महिला की प्रसव पीड़ा से मौत

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप दक्षिणी पंचायत स्थित सार्वजनिक विवाह भवन में एक अधेड़ महिला की प्रसव पीड़ा के दौरान अधिक खून बह जाने से मौत हो गई, जिसकी पहचान रैन बसेरा (गुल गुलिया) 36 वर्षीय सरिता देवी पति विजय पासी साकिन बरियातू थाना बालूमाथ जिला लातेहार निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल सार्वजनिक विवाह भवन में विगत तीन वर्षों से आ-जाके रह रही थी। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी वह 15 दिनों पहले आई थी। वहीं महिला की मौत की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी एवं सूचना मिलने के बाद एसआई अभिमन्यु कुमार एवं एसआई विशाल कुमार दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## टंडवा में पिस्टल दिखाकर 10 हजार की लूट

चतरा। जिले के टंडवा प्रखंड के काढ़मदीरी गांव में एक दुकानदार से लूट की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार काढ़मदीरी निवासी महेश राणा, जो गांव में एक दुकान चलाते हैं, झारखंड ग्रामीण बैंक से 8,000 रुपये निकालकर वापस घर लौट रहे थे। उनके पास पहले से 2,000 रुपये भी थे। वाहन न मिलने के कारण वे पैदल ही घर जा रहे थे। रास्ते में खधैया-काढ़मदीरी जंगल के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और पिस्टल दिखाकर 10,000 रुपये लूट लिए। पीड़ित महेश राणा ने बताया कि बदमाश बैंक से ही उनका पीछा कर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार लुटेरों ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना अभी तक स्थानीय थाना को नहीं दी गई है।

### कोडरमा में शांति व सद्भावपूर्ण वातावरण में मना क्रिसमस का त्योहार

# हे बालक राजा चरणी से हमर विन्ती सुइन लेउ...

- दुनिया को शांति और प्यार का संदेश देने धरती पर अवतरित हुए यीशु : फादर पात्रीक

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में शांति और सद्भभावपूर्ण वातावरण में ईसाई समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार क्रिसमस सम्पन्न हुआ। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के मौके पर जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति चर्च को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया था। वहीं मंगलवार की देर रात्रि फादर पातरिक मिंज और पौलुस के नेतृत्व में मीसा पूजा हुई। उसके बाद प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति, भाईचारा, विश्वास और प्यार का सन्देश देने प्रभु यीशु मुक्तिदाता के रूप में धरती पर जन्म लिए। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु अपने साथ चार वचनों को लेकर धरती पर अवतरित हुए जब तक हम उनके चार वचनों को सही तरीके से पालन नही करते तब तक उनके आगमन को पूर्ण नही माना जायेगा। फादर ने कहा कि दुनिया के सभी समाजों में भाईचारा, आपसी प्यार, एकता और मेलमिलाप रहने से ही समाज विकसित करेगा। ऐसा करने से ही हम प्रभु यीशु के सच्चे सन्तान बन सकते हैं। वहीं फादर पौलुस ने कहा की हर धर्म एक दूसरे के साथ प्रेम और शांति का सन्देश देता है, हमें एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा ततपर रहना चाहिए। प्रभु यीशु ने हमें पापों से मुक्ति दिलाने, दीन दुखियों और असहायों को मदद करने के लिए जन्म लिया। उनके बताए मार्गों पर चल कर ही हम उनके सच्चे सन्तान बन सकते हैं। प्रभु यीशु के सन्देशों को सुनाने के बाद फादर पातरिक के नेतृत्व में ख्रीस्तीयों ने बारी-बारी से प्रभु के नवजात रूप का चुम्मन लेते हुए परम् प्रसाद ग्रहण किया और एक दूसरे को क्रिसमस की बधाइयां दी, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अरुण जोसेफ, पवन माइकल कुजूर, बेंजामिन एक्का, वाल्टर तिग्गा, कमल हेम्ब्रम, तारा सीयूस कुजूर, कमल हेम्ब्रम, पंकज हेम्ब्रम, आशा मेरी, राजीव, रजनी, दीपक के अलावे होली फैमिली अस्पताल के सिस्टर, सन्त क्लेयर्स स्कूल, सन्त जोसेफ स्कूल की शिक्षिकाएं समेत विभिन्न क्षेत्रों से आये ख्रिस्ती समाज के लोग मौजूद थे।

# हॉली चाइल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव सह क्रिसमस सेलिब्रेशन धूमधाम से मना

- छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में शानदार नृत्य कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के बिशुनपुर रोड स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव सह क्रिसमस सेलिब्रेशन बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व केक काटकर की गयी। वहीं डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल केक़े. सिंह, हॉली चाइल्ड स्कूल के संरक्षक निर्मल कुमार ओझा, गांधी उच्च विद्यालय की प्राचार्या निशा भारद्वाज, सुपरवाइजरी हेड अमिता सिन्हा, क्लोरोफिल स्कूल के निदेशक अजय अग्रवाल, प्रिंसिपल कंचन अग्रवाल, पुरुषार्थ क्लास के निदेशक मनोज कुमार सिंह, झारखंड के मशहूर गायक नवीन पांड्या, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ अनूप सिन्हा, हॉली चाइल्ड स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा, प्रिंसिपल प्रियंका ओझा, समाजसेवी शैलेश कुमार सोलू, शिक्षिका सीमा सिंह मौजूद रही। वहीं स्कूल के सभी कक्षाओं के बच्चों और शिक्षकों ने अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम में वर्ग एलकेजी से लेकर कक्षा दो तक के बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में शानदार नृत्य कर स्कूल में आये सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा तीन से छह तक के बच्चों ने झालमुरी, चाट, चाउमीन, गोलगप्पा, केक, वड़ापाव आदि का स्टॉल लगाकर खूब वाह-वाही बटोरी। वहीं मुख्य अतिथि केक़े.सिंह ने कहा कि इतने कम समय में हॉली चाइल्ड स्कूल ने अपने बच्चों के बीच शिक्षा के साथ-साथ उनके गुणों के अनुरूप जो प्रशिक्षण दिया है, वह वाकई काबिले तारीफ है और इसके लिए स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा सहित सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों द्वारा अंग्रेजी में झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल, हिमाचल प्रदेश, केरल आदि अलग-अलग राज्यों के कल्चर की जो प्रस्तुति दी गई वह बहुत सराहनीय है। वहीं अन्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल तो अपने बच्चों में शिक्षा का अलख जगाता ही है, लेकिन उन अलख को जगाए रखने में अभिभावकों का भी बहुत बड़ा हाथ होता है। इसलिए हमें उन बच्चों को उनके गुणों के अनुरूप ही पहचान करते हुए उनका साथ देना चाहिए। मौके पर शिक्षक गोपाल पांडे, शौर्य चौधरी, निशिथ ओझा, संदीप कुमार, अफजल हुसैन, शिक्षिका मुस्कान सिन्हा, प्रीती सिंह, साध्वी पांडे, काजल, पायल, हुजैफा, प्रीति कुमारी, असगरी खातून आदि सहित अभिभावक मौजूद थे।

## क्रिसमस-डे एवं नववर्ष के आगमन को लेकर पंचखेरो जलाशय में सैलानियों की भीड़

मरकच्चो (कोडरमा)। क्रिसमस-डे एवं नववर्ष के आगमन को लेकर सैलानियों की भीड़ मरकच्चो प्रखंड के पंचखेरो जलाशय में पंहुच रही है। वहीं बुधवार को पंचखेरो जलाशय में पिकनिक मनाने वाले स्कूली विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा थी। लोग गाड़ियों से अपने-अपने स्कूल से पहुंच रहे थे और पिकनिक का आनंद उठा रहे थे। ज्ञात हो कि पचखेरों जलाशय योजना के किनारे एक किलो से डेढ़ किलोमीटर तक विद्यालय के बच्चे कुछ अभिभावक एवं दूर-दराज से लोग पिकनिक मनाने आ रहे हैं। हालांकि अगले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कम भीड़ दिख रही है। बताते चलें कि लोग साल के अंतिम बचे दिनों को अपने-अपने अंदाज से विदाई दे रहे हैं और आने वाले नववर्ष का स्वागत करने की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं लोग जलाशय में मोटर वोट का भी आनंद ले रहे हैं।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में खेल दिवस का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में खेल दिवस के आयोजन का समापन किया गया। इससे पूर्व खेल दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.लक्ष्मी सरकार द्वारा दौड़ में भाग लिए प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। वहीं आयोजित विभिन्न खेलों में सौ मीटर रेस, गोला फेंक, कैरम, बैडमिंटन, बॉलीवॉल, खो-खो, आदि शामिल हैं। जिसमें 100 मीटर दौड़ महिला में प्रथम स्थान पिंकी, दूसरा अनुष्का व तीसरे पर आरती रहीं, पुरुष समूह में प्रथम पवन, द्वितीय बीरेंद्र व तृतीय प्रिंस रहे, गोला फेंक प्रतियोगिता महिला समूह में विजेता अनुष्का व उप-विजेता खुशबू पुरुष समूह में विजेता पवन व उप-विजेता अल्ताफ, कैरम प्रतियोगिता में विजेता गुंजा व उप-विजेता अंजलि पुरुष समूह में विजेता कुलदीप व उप-विजेता रोहित, बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता अंजली व उप-विजेता पूजा रानी, पुरुष समूह में विजेता कुलदीप व उप-विजेता निशांत कुमार रहे। वहीं प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मौके पर राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, आनंद कुमार, जयंती कुमारी, खामा रानी महतो, मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, सेंटू कुमार, गौरव कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, अरमान अंसारी सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु मौजूद थे।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस

- सांता क्लॉज ने उपस्थित बच्चों को टॉफी, मिठाई, चाकलेट आदि का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के ग्रामीणों एवं बच्चों के बीच हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ की बालिकाओं द्वारा झारखंड लोक नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप-निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत एवं सभी सहायक प्राध्यापक सहित इंदरवाटांड़ के बच्चों के साथ केक काट कर खुशियां साझा की गई। साथ ही एकता एवं बंधुता का संदेश दिया गया। वहीं सांता क्लॉज ने उपस्थित बच्चों को टॉफी, मिठाई, चाकलेट आदि का वितरण किया। वहीं महाविद्यालय बीएड. प्रशिक्षु इंद्रदेव कुमार यादव एवं रवि प्रसाद ने समूह नृत्य कर सभी बच्चों, ग्रामीणों एवं आगंतुकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं प्रशिक्षु रोहित कुमार रौशन एवं विकास कुमार यादव द्वारा गीत की प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर माहेश्वरी महिला समूह की कविता महेश्वरी एवं कोमल द्वारा ग्रामीणों को कंबल वितरण भी किया गया। वहीं प्रशिक्षुओं द्वारा अद्भुत चरनी बनाकर जीसस क्राइस्ट के जीवन संघर्षों को दर्शाया गया। वहीं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि क्रिसमस समाज में खुशियां साझा करने एवं सामाजिक एकरूपता का प्रतीक है, हमें सदैव समाज में खुशियां साझा करते रहना चाहिए। वहीं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने जीसस क्राइस्ट के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर डॉ.मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिंह, डॉ.पुजा कुमारी, आलोक कुमार, बिपिन सचदेव, कुणाल कुमार, ओशो अंशुमन, स्मिता रंजन, द्रौपति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, डौली कुमारी, सृष्टि कुमारी, कल्पना भारती, तमन्ना प्रवीण, कोमल कुमारी, सिखा कुमारी, सौरभ शर्मा, मनीष कुमार सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

एक नजर में

## अंचल अधिकारी ने ठंड से राहत के लिए कुंदा में चौक-चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था



कुंदा (चतरा)। बढ़ती ठंड को देखते हुए अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बुधवार को कुंदा के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई। अलाव की यह व्यवस्था स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड, नीचे चौक समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर की गई है, जिससे आम नागरिक और राहगीर ठंड से राहत पा सकें। सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू, जितेंद्र कुमार शौंडिक, सतेंद्र सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## पीएलबी ने यौन उत्पीड़न डायन प्रथा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत मायडीह गांव में बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र नयायघीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के तत्वावधान में पीएलबी पवन कुमार के द्वारा महिलाओं के बीच जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यौन उत्पीड़न, डायन प्रथा, लैंगिक समानता, बाल विवाह व सरकार के द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। पीएलबी पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा एवं जागरूकता की कमी का परिणाम बाल विवाह है, समाज में बाल विवाह आयोजन की पुरानी पारंपरिक प्रक्रिया है। इसे आज के युवा पीढ़ी को रोकना होगा साथ ही साथ यह भी कहा गया कि लैंगिक समानता एक मौलिक मानव अधिकार होने के अलावा, शांतिपूर्ण समाजों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, जिसमें पूर्ण मानव क्षमता और सतत विकास हो तथा महिलाओं को शसक्त बनाने से उत्पादकता और आर्थिक विकास को बढावा मिलता है। दूसरी तरफ गिद्धौर थाना परिसर में निशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो अलग मामले पति पत्नी के बीच विवाद की मध्यस्थता करायी गयी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस-डे सेलिब्रेशन में जिंगल बेल, जिंगल बेल की धुन पर थिरके बच्चे



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस-डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिंगल बेल, जिंगल बेल, ऑल द जिंगल बेल की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दी। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने केक काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व हमें क्षमा दान करने के लिए प्रेरित करता है। वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद वर्ग दशम का छात्र रवि रंजन ने सांता क्लॉज के रूप में बच्चों के बीच टॉफियां बांटी। कार्यक्रम का संचालन सौम्या कुमारी और अदिति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रवीण कुमार, राकेश पांडेय, सीमा जैन, कुंतल जेठवा, कामिनी सहाय, सपना शर्मा, दीक्षा सिंह, स्वीटी सिन्हा, रंजीता कुमारी, रूबी वर्मा, मरियम हसन, प्रियंका सिंह, लता सिन्हा, पूजा सलूजा, सरोज पांडेय, अनुष्का शर्मा, अभिषेक कुमार सिंह, आकाशदीप, विजेंद्र कुमार भगत समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में धूम-धाम से मना क्रिसमस-डे



**कोडरमा।** चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से लेकर केजी-2 के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ क्रिसमस-डे मनाया। वहीं छोटे बच्चों ने सांता की पोशाक पहनकर न केवल त्योहार का आनंद उठाया, बल्कि ढेर सारी मस्ती भी की। वहीं मुकेश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला और छोटे बच्चों के लिए कुछ प्रेरणादायक बातें साझा कीं। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने भी बच्चों के साथ मिलकर खुशी मनाई और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों ने कई गानों पर डांस किया और खेल-कूद में भाग लेकर जमकर मस्ती की। वहीं बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए चित्र भी बनाए, जिसे देख वहां उपस्थित सभी लोग बहुत प्रसन्न हुए। मौके पर नीतु बर्णवाल, जया लक्ष्मी, संध्या कुमारी, अनिता कुमारी समेत समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच हुआ सद्भावना क्रिकेट मैच

# मैच का विजेता बने पत्थलगड़ा प्रेस क्लब

- विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड एवं मेडल देकर किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के ऐतिहासिक स्वर्गीय उमाकांत पाठक खेल मैदान में प्रखंड प्रशासन पत्थलगड़ा और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच सद्भावना मैच का आयोजन हुआ। मैच के मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार कश्यप, सीडब्ल्यूसी चतरा जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब चतरा जिला सचिव मो. मुकीम अंसारी, प्रेस क्लब चतरा जिला संरक्षक कमलापति पांडे, पत्रकार दीपक कुमार उपस्थित रहे। मैच में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू, अंचल अधिकारी उदल राम, इंस्पेक्टर विजय सिंह, प्रमुख मनीषा कुमारी, बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, समाजसेवी अंबिका यादव उपस्थित थे। क्रिकेट मैच का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का परिचय किया गया साथ ही उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मैच का नेतृत्व पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। प्रखंड प्रशासन और पत्थलगड़ा प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट का रोमांचक मैच 16-16 ओवर का हुआ। जिसमें प्रखंड प्रशासन ने टॉस जीतकर बैटिंग की और 16 ओवर में 127 रन बनाये वहीं प्रेस क्लब 13 ओवर में 128 रन बनाकर मैच का विजेता रहा। मौके पर क्रिकेट मैच में बेस्ट बॉलर पिंटू कुमार दांगी और बेस्ट बल्लेबाज रविंद्र कुमार, बेस्ट फील्डिंग नावाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मेघन दांगी ने किया और अंपायर के रूप में संदीप रजक एवं रूपेश कुमार उपस्थित रहे। इन सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विजेता टीम व उपविजेता टीम को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य पत्रकार श्रीकांत राणा, प्रखंड सचिव मो. सिराजुल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील दांगी, प्रखंड उप सचिव कैलाश दांगी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, सुनील कुमार, विष्णु देव दांगी, संजय राणा, नाजिर सत्येंद्र कुमार, रोजगार सेवक जितेंद्र सिंह, दिलीप राम, दुर्गेश कुमार, दिलीप कुमार, बब्लू राम के अलावे प्रखंड प्रशासन और चतरा प्रेस क्लब के खिलाड़ी शामिल हुए।

# विश्वकर्मा समाज जिला कमेटी की बैठक में 12 जनवरी को मुख्यमंत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा

- भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ.ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की ओर से बुधवार को ध्वजाधारी धाम परिसर में जिला कमेटी के बैठक आयोजित कर भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष राणा, प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल राणा, प्रदेश संयुक्त सचिव भुवनेश्वर राणा, अधिवक्ता मौजूद थे। बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष सुभाष राणा सहित अतिथियों ने भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज्ञानी जैल सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के आह्वान पर 12 जनवरी को रांची में आयोजित मुख्यमंत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने तथा सामाजिक संगठन के साथ-साथ प्रखंड एवं जिला कमेटी को पुनर्गठन करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ.ज्ञानी जैल सिंह जो बढ़ई समाज से आते थे। समाज को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का संगठन गांव स्तर से लेकर प्रखंड, जिला प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर है। समाज को संगठित करने के लिए सभी को एकजुट होना होगा, तभी हम समाज के विकास के साथ-साथ अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। आगामी 12 जनवरी को रांची में आयोजित मुख्यमंत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रखंड व जिला स्तर से विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम के बाद सभी प्रखंड कमेटी का विस्तार कर संगठन को और भी मजबूत किया जाएगा। वहीं प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री ने कहा कि विश्वकर्मा समाज एक सुशासन समाज है, जो हमेशा समाज के विकास के प्रति सोचता है। समाज का विकास तभी संभव है जब अपने-अपने घरों में बेहतर शिक्षा और संस्कार देंगे। कार्यक्रम को अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल राणा सहित समाज के वरीय पदाधिकारी व समाजसेवी ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। बैठक में नवनियुक्त डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर राणा एवं कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगामी 29 दिसंबर को जिला कमेटी की बैठक मरकच्चो में है। मौके पर सुखदेव राणा, रामचंद्र राणा, मनोज राणा, गंगाधर राणा, लालजी राणा, अरुण राणा, शंकर राणा, राजू राणा, सिकंदर राणा, रंजीत कुमार राणा, सुभाष शर्मा, मनोज राणा सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पुलुंग में गौ भक्त शहीद गोविंद साय की 37वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



जारी। जारी प्रखंड के पुलुंग गांव में गौ भक्त शहीद गोविंद साय की 37 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राज परिवार के सदस्य आदित्य सिंह जूदेव, बजरंग दल के जिला संयोजक ने समारोह में भाग लिया। समारोह की शुरुआत शहीद गोविंद साय के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गई। जिसमें गांव के तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। 1988 में हिंदुत्व के लिए संघर्षरत स्व गोविंद साय की याद में यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। रात के समय रंगारंग ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वहीं मुख्य अतिथि आदित्य सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुत्व के लिए लड़ना एक सौभाग्य की बात है और उन्होंने गौ रक्षा को सर्वोपरि मानते हुए कहा कि इसके लिए हमें आगे आना चाहिए। कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, प्रांत संयोजक ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि अब हम हिंदू एकता में रहेंगे तो हमें कोई छूने वाला नहीं होगा। उन्होंने गौ हत्या के मुद्दे पर सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की और कहा कि इस क्षेत्र में धर्म परिवर्तन हो रहा है। समारोह में विजय बहादुर सिंह, जगनारायण सिंह, केसव चंद्र साय, संततानु सिंह, राधे स्याम सिंह, मनीष लायन, सकलदीप सिंह, आदित्य गिरी, गजाधर साय और अन्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से न केवल गौ भक्त गोविंद साय की याद को ताजा किया गया बल्कि हिंदू एकता और गौ रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया गया।

### झानद के प्रभारी की नियुक्ति 27 को

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा विभिन्न मंच मोर्चा का विस्तार गुमला जिला में करने के लिए 27 दिसंबर को प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। विदित हो कि 2025 में पार्टी मजबूती व विस्तार के लिए भावी रणनीति बनाई गई है। जिसके तहत सभी मंच मोर्चा को सशक्त बनाने के लिए प्रभारी की नियुक्ति की जानी है। जिसके तहत गुमला जिला में नए सिरे से मजदूर, किसान, छात्र, युवा, महिला व अन्य मंच मोर्चा को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रभारी की नियुक्ति किए जाने की योजना है। गुमला जिला में जिस कदर विकास के कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर है तथा आम लोग जन समस्या से जूझ रहे हैं। जिसे देखते हुए बड़े स्तर में जाकर जनगोलबंदी करने की भावी रणनीति बनाई जाएगी। यह जानकारी झानद के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

### जारी प्रखंड के चार पल्लियों में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व



जारी। जारी प्रखंड के चारों पल्लियों में खीस्तीय विश्वासियों ने क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मसीही समाज के लोगों ने गिरजाघर में जाकर मिस्सा अनुष्ठान किया। कड़ाके के ठंड में सभी गिरजाघरों में मध्य रात्रि से ही विशेष मिस्सा अनुष्ठान कर जागरण का आयोजन किया गया। यीशु के जन्म समारोह में यीशु के जन्म के पश्चात बालक यीशु का चुंबन भी किया गया तथा रात भर गीत एवं नृत्य कर रात बिताया। वहीं भिखमपुर पल्ली में फादर जोन टोप्पो, परसा पारिश में फादर अमित डांग, बारडीह पल्ली में फादर अजीत केरकेट्टा व जरमाना पल्ली में फादर निरंजन एक्का ने मुख्य अधिष्ठाता के रूप मिस्सा अनुष्ठान संपन्न कराया। मिस्सा अनुष्ठान के बाद भिखमपुर पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर जोन टोप्पो ने खीस्तीय विश्वासियों को उपदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का जन्म इस संसार में खुशी, शांति और प्यार का संदेश देने के लिए हुआ था। आज हम उनके जन्मदिन इसी उम्मीद के साथ मना रहे हैं कि लोग आपस में शांति से रहे एक दूसरे से प्यार करें और खुश भी रहे। उन्होंने पापियों को क्षमादान दिया था वैसे लोगों को उद्धार किया था जो अंधेरे में जीवन गुजार रहे थे। जिन्हें धर्म के प्रकाश नहीं मिला था उन्होंने सही रास्ते पर चलने के लिए लोगों को रास्ता दिखाया था। मौके सैकड़ो खीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

### साइकिल से गिरकर 3 किशोर घायल



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के टानाखूटी गांव स्थित मोड़ के समीप साइकिल से गिरकर तीन किशोर घायल हो गए। घायलों में बड़काडीह निवासी आकाश उरांव, अनिश उरांव,जतरा उरांव के नाम शामिल है। तीनों घायलों को ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सा में बेहतर इलाज हेतु आकाश उरांव को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों किशोर साइकिल पर सवार होकर बड़काड़ीह से नदी नहाने जा रहे थे। इसी क्रम में साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए जिससे सभी घायल हो गये।

### बाइक से गिर कर दो युवक हुए घायल


घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के चूमनू मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में तारागुटू निवासी सुजीत उरांव व बेल्हाटोली निवासी रोहित उरांव के नाम शामिल है। दोनों घायलों को ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तारागुट्टू की ओर से घाघरा की ओर आ रहे थे इसी बीच चुमनु मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर जा गिरे।

# धरती पर जन्म लेकर प्रभु ने बढ़ायी मानवता की गरिमाः बिशप लिनुस

### जिले के 39 पल्लियों में क्रिसमस पर्व पर एक साथ हुआ रात्रि व सुबह में मिस्सा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता







गुमला। बालक यीशु के जन्म दिवस पर जिले के 39 पल्लियों में बुधवार को विशेष मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। मंगलवार की रात्रि बालक यीशु के धरती पर आगमन पर संत पात्रिक गिरजाघर में बिशप फादर लिनुस पिंगल एक्का ने मिस्सा बलिदान चढ़ाते हुए कहा कि हमारी आस्था के अनुसार येशु ईश्वर का पुत्र है। मानव बनकर इस धरती पर आये और मानवता की गरिमा को बढ़ाया। मानव रूप में जन्म ले येशु ने धरती में प्रेम व शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम एक दूसरे खासकर गरीब व लाचार व्यक्ति को मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाये। धर्मविश्वासी सभी धर्म, जाति व सम्प्रदाय का सम्मान करें और हमेशा दूसरों की उन्नति के बारे में सोचें। धर्म विश्वासी ईश्वरीय प्रेम का अनुकरण अपने जीवन में प्रतिदिन करे। भगवान ने धरती पर सभी को पाप मुक्त किया। मानव एक दूसरे की गरिमा को खत्म न करें। उन्होंने युवाओं से नशापान का त्याग करने की अपील की। अभिभावकों से भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव समाज से इतना प्रेम किया कि अपने पुत्र को मनुष्यों के लिए उपहार स्वरूप प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जो ईश्वर पर आस्था व विश्वास रखता है उनका कभी अहित नहीं हो सकता है। बालक यीशु चरनी में जन्म लेकर समाज को समानता व न्याय का पाठ पढ़ाया। मिस्सा पूजा के उपरांत धर्म विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रार्थना गीतों का संचालन धर्म बहनों ने किया। मिस्सा पूजा में उर्सु लाइन धर्म समाज, संत अन्ना धर्म समाज, बिशप हाउस के पुरोहित व संत इग्नासियुस स्कूल के फादर सहित भारी संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित थे।

### ईश्वर को अपने अंदर तलाशे लोगः फादर जेरोम

बुधवार को पहला मिस्सा फादर जेरोम एक्का ने मुख्य अधिष्ठाता के रूप में संपन्न कराई। उन्होंने कहा कि जन्म पर्व किसी को खोजने या तलाशने का पर्व नहीं है। हम ईश्वर को हमेशा तलाशते हैं लेकिन ईश्वर हमारे सामने ही मनुष्य रूप में उपस्थित है। ईश्वर गरीबों, असहायों, पीड़ितों के अंदर है। ईश्वर की पूजा हम इनकी सेवा व सहयोग करके कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर छोटे-छोटे कार्यों में ही मिलते हैं। ईश्वर को धर्म विश्वासी अपने परिवार में ही तलाशें। बालक येशु चरनी में जन्म लिया और समाज को समानता का पाठ पढ़ाया। चरनी जीवन का अंग है। मिस्सा पूजा में प्रार्थना गीतों का संचालन धर्म बहनों के द्वारा किया गया। धर्म विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया।

### बालक यीशु की प्रतिमा का हुआ चुंबन

मिस्सा पूजा में बालक यीशु के प्रतिमा का चुंबन बच्चों व विश्वासियों को कराया गया। फादर जेरोम एक्का व अन्य पुरोहितों के द्वारा बालक यीशु की प्रतिमा को हाथ में लेकर बारी-बारी से विश्वासियों को चुंबन कराया गया। वहीं मिस्सा पूजा के उपरांत उपस्थित धर्म विश्वासियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### संत पात्रिक चर्च के बाहर व अंदर बनाया गया आकर्षक चरनी

क्रिसमस पर्व के अवसर पर संत पात्रिक गिरजाघर व चर्च परिसर में आकर्षक चरनी बनाया गया। पुरोहितों के द्वारा चरनी को आशीष प्रदान किया गया। धर्म विश्वासी भी चरनी के समक्ष मत्था टेकर पूजा अर्चना की। वहीं मसीही विश्वासियों ने अपने घरों पर भी आकर्षक चरनी बनाया। जिससे पुरोहितों के द्वारा आशीष प्रदान की जाएगी।

## अटल जी ने परमाणु परीक्षण कर भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया : प्रदीप वर्मा

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पूरे जिले में बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। उनके द्वारा रचित कविता का काव्य पाठ किया गया। इस क्रम में जिला कमिटी द्वारा सदर प्रखंड के ब्रांटपुर गांव के खेल मैदान में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित हुए। प्रदीप वर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी का संघर्ष देश के प्रत्येक जरूरतमंदो के लिए रहा। विकसित देशों द्वारा आर्थिक प्रतिबंध की परवाह किये बिना पोखरण परमाणु परिक्षण कर भारत को अग्रणी पंक्ति में खड़ा कर दिया। आरती कुजूर ने कहा कि अटल जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग मानते हुए एक निशान एक विधान के लिए संघर्ष किया था। मनीर उरांव ने कहा कि जनजाति समाज के उत्थान के बारे में यदि सबसे पहले किसी व्यक्तित्व ने सोचा तो वह हैं अटल बिहारी वाजपेयी। कार्यक्रम को ओमप्रकाश सिंह, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव ने भी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार और धन्यवाद ज्ञापन जिला सह संयोजक जगनंदन पौराणिक ने किया। मौके पर ब्रज बिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, प्रवीण भारती, त्रिवेणी दास, अजय पंकज, अजातशत्रु, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक , बिगल मुंडा, अजय मुंडा, बिरसा मुंडा, मीना बाखला, सामेला भगत, मिथुन तमेड़ा, संजय वर्मन, परमेश्वर भगत, सजल कुमार, बृजनंदन गोप, मंगल गोप सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री की मनायी जयंती, सुदर्शन भगत ने कहा

# वाजपेयी ने आदिवासियों के लिए जनजातीय मंत्रालय का गठन किया

सदर अस्पताल में मरीजों के बीच बांटे फल व ब्रेड

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला इकाई द्वारा बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की सौ वीं जयंती मनायी गयी। पार्टी नेता सत्यनारायण पटेल के आवासीय कार्यलय में भाजपाइयों ने उनके तस्वीर में पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने उनके जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के पहले गैर कांग्रेसी पीएम बने थे। उनके नेतृत्व में देश का उतरोतर विकास हुआ। वे ओजस्वी वक्ता के साथ कुशल संघठन कर्ता भी थे। उनके शासन में ही झारखंड का गठन हुआ था। उन्होंने ही आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय मंत्रालय का गठन किया था। वे हमेशा दलित आदिवासी पिछडो की हितेषी रहे। वे उनका सर्वांगीण विकास की वकालत करते थे। भूपन साहू ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा संगठन ने गुमला सदर अस्पताल मरीजों को फल एवं ब्रेड वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ एवं निरोग होने की कामना की। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष विनय कमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, कमलेश उरांव, अनूपचंद्र अधिकारी, संयुक्ता देवी, सविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, सागर उरांव, रामवतार भगत, सत्यनारायण पटेल, मंगलसिंह भोक्ता, दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, रामेश्वरी उरांव, किशोर मिश्रा, संजय वर्मा, खुशमन नायक, बबलू वर्मा, अशोक साहू, दिनेश चौधरी, शंभु सिंह, अजीत विश्वकर्मा, अनिकेत गोलू, कौशलेंद्र जमुआर, हरमीत सिंह, सोनमणी उरांव, शंभू नायक, गायत्री देवी सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

### बीमरला माइंस का आंदोलन जनता का है किसी व्यक्ति विशेष का नहीं : राजीव

घाघरा। ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह आदर पंचायत के पूर्व मुखिया राजीव उरांव ने लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी कमलजीत सिंह के बयान की निंदा करते हुए कहा कि बीमरला माइंस का आंदोलन यहां की जनता का आंदोलन है न कि किसी व्यक्ति विशेष का। जनता के आंदोलन के बीच में न आवे बीमरला माइंस के आंदोलन में किसी की दलाली नहीं चलने दिया जायेगा। यदि कोई बीमरला माइंस के आंदोलन में व्यवधान उत्पन करने की कोशिश करेंगे तो वैसे ट्रक मालिकों की गाड़ी समिति किसी भी माइंस में चलने नहीं देगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि कंपनी जल्द से जल्द बीमरला की समस्या का निदान नहीं करती है तो आंदोलन और उग्र होगा। संघर्ष समिति की लड़ाई कंपनी से है ना कि कोई ट्रक ऑनर एसोसिएशन से। सभी एसोसिएशन से अनुरोध है कि किसी व्यक्ति विशेष पर कोई टिप्पणी ना करें और हमारे आंदोलन का समर्थन करे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक बार आकर इलाके के लोगों को देखें उनके पीड़ा को समझे। कैसे लोग रहते हैं। कैसे लोगो को ठगा जा रहा है। अनर्गल बयान बाजी ना करें। शुरू से लेकर अब तक हिंडालको व एसोसिएशन के लोग भोले भाले जनता को बरगला कर अपना रोटी सेकते आए हैं अब ऐसा हरगिज नहीं होगा।

## एक शाम-आंजन धाम कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को आंजन धाम में होने वाले महोत्सव एक शाम-आंजन धाम कार्यक्रम को सफलता को लेकर धाम परिसर में कार्यक्रम के पदाधिकारियों व आंजन धाम से जुड़े श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ज्योतिषविद पंडित दिवाकर पाठक ने कहा कि आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से किया जाने वाला कार्यक्रम एक शाम आंजन धाम महोत्सव इस वर्ष भी ऐतिहासिक होगा। तीन दिवसीय महोत्सव में 12 जनवरी प्रातः 8:00 बजे 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा। काशी के विद्वानों द्वारा रुद्राभिषेक, अंजनी माता का भव्य श्रृंगार, सुंदरकांड का पाठ सामुहिक हनुमान चालिसा का पाठ, भव्यपूजन महाभंडारा का आयोजन है। बैठक में पदाधिकारियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मुकेश सिंह पप्पू, अरविंद मिश्रा, नंदकिशोर सिंह, रिपुसूदन साहू, कुमार विजय भगत, वीरेंद्र तिवारी, उदयचंद्र मुखर्जी, शिशिर गुप्ता, अभय महतो, मनीष राजगढ़िया, अनमोल लाल, अमन आनंद, छोटेलाल, सनोज वर्मा, विवेक पाठक, चंदन, अवधेश, सचिन साहू, सुधाकर इंदवार, राजाराम साहू दिनेश साहू, विनोद साहू, अनंत नाग, हरि बैठा, ओम प्रकाश साहू, बजरंग गुप्ता, प्रदीप सिंह, जीत वाहन बढ़ाइक, चडरा भगत, राजेश चीक बड़ाइक, सुशील तिवारी, रामकुमार, अमित महतो, राजेश, जागेश्वर साहू, परमेश्वर सिंह, मुनेश्वर साहू, विपिन सिंह, विजय भगत, अमर गोस्वामी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में गयी चार लोगों की जान



लोहरदगा। जिले में चट्टी मुख्य मार्ग एन एच-148-ए पर ए मंगलवार की देर रात सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृत गोस्सनर कुजूर और डेविड कुजूर (पिता-पुत्र) लोहरदगा छत्तर बागीचा के निवासी थे। गोस्सनर कुजूर बलदेव साहू कॉलेज लोहरदगा के प्राचार्य (पूर्व) भी रह चुके थे। जानकारी के अनुसार, 72 वर्षीय गोस्सनर कुजूर को रांची में डायलिसिस कराने के बाद उनके पुत्र 30 वर्षीय डेविड कुजूर और उनका साला मारकुस कुजूर कार से लोहरदगा लौट रहे थे। नंदिनी पुल के पास कोटा मोड़ पर किसी को बचाने के क्रम में कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से तीनों को सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एनडब्ल्यूजीईएल चर्च लोहरदगा में क्रिसमस का उत्साह फीका पड़ गया। डेविड कुजूर गोस्सनर कुजूर के इकलौते बेटे थे। जबकि उनकी दो बेटियां हैं जिसमे से एक बेटी परिणीति कुजूर सदर अस्पताल में डॉक्टर हैं। वहीं मारकुस कुजूर, डेविड के मामा यानी गोस्सनर के साला थे। मारकुस भोपाल में रहते थे। क्रिसमस पर्व मनाने के लिए लोहरदगा आए थे। बुधवार को तीनों को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। घटना से पूरे जिले में शोक की लहर है।

### ट्रक-स्कार्पियो की टक्कर में ड्राइवर की मौत

लोहरदगा। लोहरदगा-चांपी-चंदवा मुख्य मार्ग पर हेसल चौक के समीप ट्रक और स्कार्पियो मे जोरदार टक्कर हो गई। इसमें स्कार्पियो चालक बाघा निवासी हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाघा निवासी अशोक उरांव, दीपक उरांव और नीरज उरांव समेत अन्य एक गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना में ट्रक-स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल के परिजनों ने बताया कि स्कार्पियो से बेटी को जरियो पहुंचा कर परिवार के अन्य सदस्य बाघा लौट रहे थे। पुलिस घटना के कारणों की पड़ताल में जुट गई है।

### युवा महोत्सव 2024-25 सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में एमबी डीएवी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



लोहरदगा। खेलकूद व युवा निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में एमबी डीएवी पब्लिक विद्यालय के प्रतिभागियों ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में सभी जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें एमबी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने लोहरदगा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार अर्जित किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के सहयोग से सामूहिक गान प्रतियोगिता में अमीषा कुमारी, पीहू मित्तल, सानवी, अनुपमा, सृष्टि व रितिका भगत आदि छात्राओं ने रांची में आयोजित युवा महोत्सव में सामूहिक गान किया। गायन प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र दक्ष भालेकर ने हारमोनियम, आदित्य सहदेव ने तबला और मिलिंद उरांव ने मांदर बजाते हुए संगीत मंडली का सहयोग किया। पुरस्कृत संगीत मंडली ने पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव सामूहिक गान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया था। प्राचार्य जीपी झा ने सभी प्रतिभागियों व संगीत शिक्षक को सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रतिभा खोज के माध्यम से प्रतिभाओं की पहचान

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की ओर से प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में गुमला एवं लोहरदगा जिले के विद्यालय के चयनित कुल 136 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रतिभा खोज में 61 भैया-बहन एवं प्रतिभा चयन में 75 भैया-बहन शामिल हुए। शिशु विद्या मंदिर गुमला, सिसई कुदरा, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी शिशु मंदिर लोहरदगा एवं बड़की चांपी लोहरदगा के विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा के विषय में विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने बताया कि विद्या भारती प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की खोज के लिए वर्ष भर में दो बार यह परीक्षा आयोजित करती है। इसकी एक परीक्षा विद्यालय स्तर पर कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया-बहनों के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विद्या भारती के मुख्यालय में होता है। मौके पर जमशेदपुर विभाग के सह विभाग प्रमुख ब्रेन कुमार टुडू पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। संचालन में आचार्य राजीव सिंह, अमन कुमार, गीता टोप्पो का सहयोग रहा।

## जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा कैरो

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार अहले सुबह दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी के आने से हड़कंप मच गई। मिली जानकारी और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अहले सुबह करीब 17 से 18 की संख्या में जंगली हाथी नरौली से गजनी की ओर सड़क पार करते दिखा। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में जंगल में आग की तरह खबर फैल गई और एक तरफ डर तो दूसरी तरफ देखने के लिए लोगों की भीड़ भी उमड़ने लगी। समाचार लिखे जाने तक हाथियों के झुंड के गोपालगंज पतरा में होने की सूचना है। जंगली हाथियों के क्षेत्र में होने की सूचना वन विभाग को भी दे दी गई है। फिलहाल क्षेत्र के लोगो हाथियों के झुंड पर नजर बनाए हुए है क्योंकि हाथियों का झुंड कभी भी गांव में प्रवेश कर जानमाल का नुकसान कर सकते है।

विदित हो कि जंगली हाथियों का झुंड भंडरा, कैरो और कुडू प्रखंड में कई बार ग्रामीणों का जान भी ले चुकी है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## न फनकार तुझसा तेरे बाद आया मो रफी तू बहुत याद आया..

### आवाज के जादूगर रफी साहब के सौ वीं जयंती पर एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप गुमला के द्वारा मंगलवार की शाम आवाज के जादूगर मो रफी के 100 वीं जयंती पर एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन जशपुर रोड स्थित बंगाली क्लब में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय मंत्री, मंजू मंत्री, रमेश कुमार चीनी, दामोदर कसेरा, संजीव उर्वशी, सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व मो. रफी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए गायक व ग्रुप के संस्थापक सदस्य सुरेश विश्वकर्मा बाबू ने मो रफी को याद करते हुए न फनकार तुझसा तेरे बाद आया मो रफी तू बहुत याद आया गीत की प्रस्तुत कर समा बांध दी। उसके बाद महिला कलाकार ने ईश्वर सत्य है, सत्य ही सुंदर है गीत की प्रस्तुत की। वहीं पवन कुमार ने मो रफी के कई यादगार गीतों की झड़ी लगा दी। मो शकील, बाबू आदि कलाकारों ने मो रफी के यादगार गीतों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा गीत की पंक्तियों के बाद तो शायद श्रोता मो रफी की यादों में चले गये। देर रात तक लोग मो रफी के गीतों का आनंद उठाते रहें। कार्यक्रम में सचिव मोहम्मद सरवर आलम पिंकी विश्व, मो सरवर आलम, मो शकील, आशुतोष श्रीवास्तव, अमित साहू (टीनू), वंदना गुप्ता, बबलू शर्मा, मो माज, जिया भाई, मो शमशाद, अब्दुल भाई, मो जमाल, अब्दुल बारी, निगार सुलताना, मो परवेज, राधिका रानी, मो महता नंदलाल विश्वकर्मा, मनमोहन केसरी, निकिता अग्रवाल, शकुंतला उरांव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

## लोहरदगा की बेटियों ने कानपुर में लहराया परचम झारखंड के लिए जीते पांच गोल्ड सहित नौ मेडल

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप कानपुर में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चैंपियनशिप के पहले दिन में लोहरदगा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए काता और कुमिते में 5 गोल्ड और 4 सिल्वर मैडल पर अपना कब्जा जमाया। मालूम हो कि सोटोकन स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में दो दिवसीय ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन अंध विद्यालय जवाहर नगर कानपुर में किया गया। जिसमें लोहरदगा की पांच बेटियों ने अपना परचम लहराया।

जिसमें सिपु कुजूर ने काता और कुमिते दोनों में अपने प्रतिद्वंदियों को अपना लोहा मानवता हुए दोनों में गोल्ड मेडल वही संतुष्टि महली 11 वर्ष बालिका काता और कुमिते वर्ग में असम और दिल्ली के प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए दोनों में गोल्ड मैडल, सानिया परवीन सिनियर महिला वर्ग में काता में गोल्ड और कुमिते में सिल्वर मैडल, अराधना उरांव 10 वर्ष बालिका वर्ग में काता एवं कुमिते दोनों में सिलव़र, वहीं जेएमएस इंग्लिश मिडियम स्कूल हरमू की अम्बिका लकड़ा ने युपी की खिलाड़ी को पछाड़ते हुवे द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल पर अपना कब्जा जमाया। इन सभी खिलाड़ियों ने ऑल ओवर इंडिया में झारखंड का नाम रोशन किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# धूमधाम से मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

## प्रभु यीशु ने इस धरती पर प्रेम, शांति, समानता, न्याय, क्षमा एवं सहभागिता की शिक्षा दी

खबर मन्त्र संवाददाता





**लातेहार/महुआडांड।** प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मंगलवार की रात प्रखंड के विभिन्न चर्चो में धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही रात के 12 बजे सभी चर्च की घंटियां बज उठी, लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। माता पल्ली संत जोसेफ चर्च सहित गोठगांव, चिरोपाठ, साले पकरीपाठ तुंन्दटोली, चेतमा, दौना के अलावा रामपुर स्थित आराधनालय में यीशु के जन्म दिन के अवसर पर मंगलवार मध्य रात्रि में विशेष प्रार्थना हुई व बाइबिल का पाठ किया गया।

गिरिजाघर में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना सभा में मंगलवार मध्य रात्रि एवं बुधवार सुबह को हिस्सा लिया। फा. सुरेश किंडो, फा. एम के जोश फा सुरेश एवं विभिन्न गिरिजाघरों के पुरोहितों ने उपस्थित लोगों को क्रिसमस की बधाईयां दी।

वहीं इस मौके पर ईसाई समुदाय के लोगो ने मान्यता अनुसार धरती के अंधकार को मिटाने के लिए विभिन्न गिरिजाघरों में कैंडल भी जलाया। इसी के साथ प्रभु यीशु का जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। वहीं फादर ने अपने मुख्य संदेश में कहा कि जब-जब मानव संसार में विपत्ती आती है, परमात्मा किसी किसी रूप में अवतार लेते हैं। यीशु ने इस धरती पर अपने जीवन के उदाहरण से प्रेम, शांति, समानता, न्याय, क्षमा एवं सहभागिता की शिक्षा दी। यह पर्व खुशी बांटने का है। इसके पूर्व विभिन्न चर्चों एवं अखड़ा में युवक युवतियों ने 'आवा-आवा भाई मने आवा..., आज जन्म ले लैं, यीशु मसीह... चरनी उपरे का तारा टीम टीम चमके ला... गीत झूमते नाचते गाते दिखे। प्रभु यीशु के जन्म पर्व के अवसर पर गिरजाघरों में ईसाई समुदाय के लोग सज-धजकर नए परिधानों में दिखे। इधर जन्म पर्व को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ महुआडांड़, गोठगांव, पकरीपाठ , साले चर्च में रात को जाकर लोगों को बधाई देते हुए केक काटा और सभी को क्रिसमस और नये सिल की शुभकामनाएं दी।

## प्रभु यीशु के बताये सच्चाई व अच्छाई के मार्ग पर चलने की जरूरत: फादर एमानुएल केरकेट्टा

**चंदवा।** चंदवा समेत आसपास के ईसाई बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रो में बुधवार को क्रिसमस (बड़ा दिन) का त्योहार धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। चंदवा के कैथोलिक चर्च परिसर में 24 दिसंबर की मध्य रात्रि को प्रखंड के कई पंचायत से आये मसीही समुदाय के लोगो ने अपने मुक्तिदाता का जन्मोत्सव उल्लास एवं आनंद पूर्वक मनाया। इस मौके पर खीस्तीय विश्वासियों को फादर जोसेफ एक्का, फादर फेबियन सिंदुरिया, फादर मार्सेल व उप याचक हेमंत टोप्पो ने लोगो को संदेश दिया।

फादर जोसेफ ने कहा कि बुराई का अंत करने के लिए ज्योति बनकर प्रभु यीशु ने जन्म लिया था। हम सभी लोग बुराई, पाप, अहंकार छोड़कर ज्योति प्रभु यीशु का संतान बनें। इसके पूर्व मंगलवार की रात्री प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर खीस्तीय विश्वासीयों ने एक-दुसरे को क्रिसमस की बधाईयां दी तथा यीशु के जन्मोत्सव का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर युवा संघ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। लोग आधी रात तक दुर-दराज के गांवों से लोग पहुंचे थे। बुधवार की सुबह चर्च परिसर में यीशु के जन्म पर सारे मसीही समुदाय के लोग एकजुट हुये तथा प्रार्थना की और एक-दुसरे के संग खुशियां बांटी। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



मिस्सा पूजा अनुष्ठान करते पुरोहित

# आपसी द्वेश मिटाकर सब पर सबको प्रेम का संदेश देते हैं प्रभु यीशु : सिस्टर रोशना

खबर मन्त्र संवाददाता

### रोशना ने दी क्रिसमस की बधाई



गढ़वा की सुख, शांति की प्रार्थना करती सिस्टर रोशना

**गढ़वा।** गढ़वा में क्रिसमस का त्यौहार काफी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्रिसमस के मौके पर शहर के शांति निवास उच्च विद्यालय में काफी धूमधाम रही। विद्यालय परिसर में भी चरनी बनाकर प्रभु यीषु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में बने चरनी में काफी संख्या में शहर वासियों ने पहुंचकर मोमबत्ती जलाया एवं सुख, शांति, प्रेम एवं भाईचारा की प्रार्थना की। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर रोशना ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी। सिस्टर रोशना ने बधाई संदेश में कहा कि ना रहे ख्वाहिश अधूरी, ना रहे कोई सपना अधूरा, प्रभु यीशु दें आपको इतनी खुशियां की आपके दिल का हर ख्वाब हो पूरा। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु हम सभी को जाति, धर्म का आपसी विद्वेश भुलाकर सभी को प्रेम एवं भाईचारा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम सभी लोग प्रभु यीशु का जन्मदिन जुबली वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने चरनी में प्रभु यीशु से गढ़वा सहित संपूर्ण भारत की सुख शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु धरती पर शांति का राजा बनकर आये। ईश्वर सभी लोगों को एकत्रित कर प्रेम बरसानें एवं मानव बनाने का संदेश देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से सिस्टर लिंडा थॉमस, सिस्टर सीमा कुजुर, सिस्टर करुणा दालमा, सिस्टर प्रियंका, सिस्टर उषा फ़र्नान्डिस, सिस्टर ज्योति सेलेना, सिस्टर प्रतिमा, सिस्टर जेम्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास से मना क्रिसमस



क्रिसमस पर बनाया गया चरनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित संत पाल चर्च में क्रिसमस के मौके पर ईसाई र्मिलंबियों ने प्रभु यीशु का जन्मदिन हर्षोउल्लास के साथ मनाया। बीती रात 12 बजे जन्म होने के उपरांत अनुयायिओं ने चर्च में प्रार्थना किया एवं केक काटकर खुशियां मनाई।

इस अवसर पर फादर अगस्टिन खेस ने कहा कि इस वर्ष प्रभु यीशु के जन्मदिन का जुबली वर्ष मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहूद येरूसलम में युद्ध चल रहा है। बालक यीशु से प्रार्थना कर रहे हैं कि युद्ध बंद हो एवं शांति व्यवस्था बहाल हो। सभी लोग मानवता, प्रेम, सद्भावना से रहें। क्रिसमस का मूल संदेश यही है कि प्रभु यीशु सब पर प्रेम पा बरसाएं। उन्होंने कहा कि र्मि के कारण मनुष्य का बंटवारा न करें बल्कि र्मि से सभी मनुष्य मानव बनें जो इर्ष्या, द्वेष है उसे खत्म करें। सिस्टर रोशना ने कहा कि श्वांस रुकने पर मौत हो जाती है।

इससे पहले हम सभी आपस में सभी द्वेष भुलाकर प्रेम सद्भावना से रहें। सभी मनुष्य एक दूसरे के प्रति प्रेम दिखाएं यही प्रभु यीशु का संदेश है। उन्होंने बताया कि पहले स्कूल में भी बच्चों के बीच क्रिसमस मनाया गया। साथ ही मंगलवार को शाम में गढ़वा मंडल कारा में जाकर कैदियों के बीच केक व फल का वितरण किया गया। कैदियों को प्रभु यीशु का संदेश दिया गया। चर्च को विषेष रूप से सजाया गया है। इसके साथ ही चरनी बनाया गया। जिसमें बालक प्रभु यीशु का जन्म हुआ। शांति निवास विद्यालय में भी चरनी बनाया गया। जहां शहर के काफी लोगों ने पहुंच कर केंडल जलाया। मौके पर फादर सुशील, सिस्टर लिंडा थमस, सिस्टर करुणा दालमा, सिस्टर सीमा कुजूर, सिस्टर प्रियंका, सिस्टर उषा फ़र्नान्डिस, सिस्टर ज्योति सेलेना, सिस्टर प्रतिमा, सिस्टर जेम्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# भंडरिया में क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



प्रभु का संदेश सुनाते फादर जुएल एवं वाल्टर हेम्ब्रम

**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र में ईसाई समुदाय का बड़ा पर्व क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर सभी चर्चों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस पर्व को लेकर लोगों में पहले से काफी उत्साह थी। छोटे-बड़े सभी लोग सुबह में ही तैयार होकर चर्च में पहुंच गए थे। इस मौके पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के पुरोहित फादर ने लोगों को विशेष प्रार्थना कराई। प्रभु यीशु के शुभ संदेश को बताया। सीएनआई चर्च भंडरिया में फादर आलेक्सियुस गुड़िया, खजूरी चर्च में फादर सुखलाल पन्ना, कंजिया चर्च में फादर वाल्टर हेम्ब्रम, फादर जुएल ने प्रार्थना सभा कराई। क्रिसमस के पूर्व संध्या में मशीही लोगों द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई। बम पटाखे फोड़े गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जन पीटर गिद्ध, फरदीन्नद टोप्पो, बिनेश तिर्की, हरिदास तिर्की, कमिल तिर्की, मनाथ केरकेट्टा, भंडरिया में पुरोहित अलेक्सियुस गुड़िया, पुरोहित उर्बानुस् मिंज, जेम्स कुजूर, किरुस समद, तिमुथियुस कुजूर, अमल प्रभात तिर्की, निमेश् मिंज, लरेंस कुजूर, नीलम कुजूर, रोबिंसन् कच्छप, डेविड गिद्धी, प्रवीण तिवारी, विजय मुंडा, अमित पल मिंज, सुनील केरकेट्टा, सत्यजय केरकेट्टा सहित सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



उपस्थित भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपने कार्यकाल में बहुत से ऐसे काम किए हैं जिसे पूरा देश याद करेगा। जिसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, देश में मोबाईल युग की शुरुआत करना, कारगिल युद्ध, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नदी से नदी जोड़ने जैसी उपलबियां जुड़ी हुई है। मौके पर प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, राम लखन प्रसाद, भोला मेहता, भरत मेहता, सर्जक राज मेहता, हैप्पी कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, तुला देवी, राणा कृष्णा सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बरवाडीह में मनाई गई श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी

**बरवाडीह।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मण्डल कार्यालय बरवाडीह में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी समारोह उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने किया जबकि जिला मंत्री ईश्वरी सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओ को आज श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के मार्गदर्शन में चलने की आवश्यकता है।

### भाजपाइयों ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती

**चंदवा।** स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला के समीप भाजयुमो अध्यक्ष विनय वर्मा उर्फ रिकी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वी जयंती मनाई। भाजपाइयों ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उन्हें नमन किया। भाजयुमो अध्यक्ष विनय ने कहा कि भारत रत्न बाजपेयी जी का पूर्ण जीवन हमसबो के लिए अनुकरणीय है। उनके बताए मार्गो में चलने का प्रयास हम सबो को करनी चाहिए। आज उन्ही के बताये मार्गो से मोदी जी की सरकार चल रही है। जिसका फल है कि देश विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है।

### भाजपा कार्यालय में मनाया गया श्रद्धेय वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी समारोह

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस पर जिला कार्यालय लातेहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक प्रकाश राम शिविर का उद्घाटन करते हुए

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे बुधवार को डिबीसीएस लातेहार एंव जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन लातेहार विधायक प्रकाश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, पंसस सोनी देवी, संस्था के शशिभूषण पासवान, भजपा नेता शैलेश कुमार सिंह, ब्रजमोहन राम ने द्वीप प्रज्ज्वललित कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर विधायक राम ने कहा की इस तरह का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करना पुण्य का काम है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारियातू मे जिस तरह शिविर लगाया जा रहा है वैसे ग्रामीण क्षेत्रों मे भी शिविर लगाकर लोगों को सेवा दें हर संभव मदद किया जायेगा। वहीं प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी व पंसस सोनी देवी ने कहा की डॉ प्रमोद कुमार बारियातू प्रखंड क्षेत्र के बेसरा गांव के रहने वाले है और ये आंख के लिए बेहतर चिकित्सक हैं। गृह प्रखंड मे इस तरह का सेवा देकर मिशाल पेश कर रहे है। उम्मीद करते हैं की आगे भी इस तरह का सेवा देंगे। वहीं समाज सेवी शैलेश सिंह ने कहा की जिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे जाँच शिविर लगाया गया है यहां नियमित चकित्सक का अति आवश्यकता है। भवन उदघाटन हुए कई वर्ष बित जाने के बाद भी चिकित्सिय व्यवस्था नहीं हो सका है।

# विधायक ने किया द रॉयल ग्रैंड रिजर्ट एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी

**मेराल।** प्रखंड के लगमा खजुरी बाईपास के समीप स्थित द रयल ग्रैंड रिजर्ट एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन बुधवार को गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने फीता काटकर किया। मौके पर प्रतिष्ठान के मालिक डॉ. अनिल साह ने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को फूल माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेलोडी ग्रुप गढ़वा ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विधायक श्री तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को जहां सहूलियत होगी, वही बड़े शहर के तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस यह होटल गढ़वा ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल में एक अलग पहचान के रूप होगा। उन्होंने कहा कि इस होटल का सबसे खूबसूरती यह है कि इजी लोकेशन है जहां से बाईपास की शुरुआत होती है। खजूरी ग्राम के बगल में यह प्रतिष्ठान खुलने से आम आवाम लोगों को शादी विवाह बड़े कार्यक्रम करने के लिए सहूलियत होगी। वही गाड़ी पार्किंग, स्विमिंग पूल, रेस्टोरेंट बैंक्विट हॉल की सुविधा मिलेगी। इस तरह का प्रतिष्ठान गढ़वा में अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. अनिल साह का प्रोफेशन से ज्यादा सामाजिक संबंध अच्छा होने से इसका फायदा इन्हें मिलेगा। रिसोर्ट के मालिक डॉ. अनिल शाह ने कहा कि बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बंगाल से आने वाले लोगों को यहां काफी परेशानियां होती थी। यहां रहने के लिए ढंग के होटल नहीं थे। ना ही मनोरंजन के लिए सिनेमा हॉल व स्विमिंग पूल भी नहीं था। यही सोच कर हमने अच्छा लोकेशन देखकर इस तरह का प्रतिष्ठान बनाया है। जहां पर ठहरने वाले लोगों को रेस्टोरेंट, स्पा, स्विमिंग पूल, सिनेमा हॉल का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठान शहर से बहुत नजदीक है और यहां लोगों को ठहरने के लिए बाईपास के बगल में यह प्रतिष्ठान उपलब्ध है। मौके पर डॉ. यासीन अंसारी, डॉ. विजय भारती, सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर खुदा बख्श उर्फ केबी सर, मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत, रवि कुमार, संतोष दुबे, विवेकानंद तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, डॉ. लालमोहन, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. कुमार शशांक, हुमायूं कबीर, संजय भगत, राजेंद्र दुबे, संजय तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### आग लगने से बोलेरो जलकर खाक

**रमना।** थाना क्षेत्र के कोरगा गांव निवासी प्रमोद पाल का बोलेरो जेएच 03 यू 3237 जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रात के लगभग 9 बजे ड्राइवर गढ़वा से गाड़ी लेकर लौटा था तथा प्रतिदिन की तरह वह शेड में गाड़ी लगाने के बाद चाभी देकर अपने घर चला गया था। दो घंटे के बाद शेड से धुआं उठता देख कुछ ग्रामीणों ने इसकी सूचना गाड़ी मालिक को दी। सूचना पाकर घर से पांच सौ मीटर दूर स्थित शेड पहुंचे गाड़ी मालिक ने देखा कि बोलेरो जलकर पूरी तरह खाक हो चुका है। साथ ही बगल में मौजूद बाइक भी आग की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। गाड़ी में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पीड़ित गाड़ी मालिक ने थाना में आवेदन देकर जांचोपरांत न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### निरस्त राशन कार्ड को पुन: बहाल करने के लिए ब्लॉक का चक्कर लगा रही है विधवा

**कांडी।** प्रखण्ड के बलियारी ग्राम पंचायत निवासी स्व. फुदेना पासवान की पत्नी पानकली देवी निरस्त राशन कार्ड को पुनः चालू करने को लेकर इन दिनों दर-दर की ठोकर खाती फिर रही है। कभी जिला तो कभी ब्लॉक। इसी फरियाद को लेकर वह मंगलवार को फिर ब्लॉक आई थी। उसने बताया कि मैं असहाय व विधवा हूं। मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। मेरा लड़का भी बेरोजगार है। मैं भीख मांगकर अपना गुजारा करती हूं। मेरा अंत्योदय राशन कार्ड है जिसका नम्बर 202005549439 है। जिसे जान बूझकर ऑफिस स्टॉफ के द्वारा 2021 में ही निरस्त कर दिया गया है। जबकि मैं जिंदा हूं। राशन मिलता था तो उसी से अपना गुजारा करती थी लेकिन न जाने एक गरीब महिला का राशन कार्ड को निरस्त करने से क्या हासिल हो गया। जबकि समर्थवान लोग राशन का लाभ ले रहे हैं। विवा महिला पानकली देवी ने बीडीओ को आवेदन देकर निरस्त राशन कार्ड को पुनः बहाल करने की मांग की है। बिना खाना पीना खाए वह पूरे दिन ब्लक में पड़े रहने के कारण बीमार हो गयी है। इस विषय में बीडीओ सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाकिारी राकेश सहाय ने कहा है कि जिला आपूर्ति पदाकिारी को पत्र लिखकर पुनः शुरू कराने का अनुरोा करने को कहा है।

### विद्यालय की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**रमना।** सिलीदाग पंचायत अंतर्गत अठनवा टोला में विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे अतिक्रमण मुक्त करने के लिए इस पंचायत के सैकड़ो लोगो ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। विद्यालय के खाता 584 प्लॉट 608 रकबा 14 डी पर एक अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भी है। वर्षों पूर्व इस खाता प्लॉट पर ही पठन-पाठन प्रारम्भ हुआ था। लेकिन उक्त जमीन पर अगल बगल के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त स्थल पर लोगो द्वारा पानी बहाकर नाला बना दिया गया है। साथ ही शादी विवाह इत्यादि जैसे कार्यों के लिए इस टोला का यह एक मात्र जगह है वो भी अतिक्रमण से तंग होता जा रहा है। मौके पर ग्रामीण गोपाल प्रसाद गुप्ता, विनय ठाकुर, रमेश विश्वकर्मा, राजू मौर्या, बनारसी ठाकुर, कंचन गुप्ता, शिव साह, चन्द्रिका ठाकुर, रामचंद्र चौरसिया आदि उपस्थित थे।

### ज्ञानी जैल सिंह की मनी पुण्यतिथि

**गढ़वा।** झारखंड विश्वकर्मा समाज गढ़वा जिला इकाई ने प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह का जन्म 1916 ई में बहुत ही गरीब परिवार में हुआ। बहुत कठिनाई से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनकी मृत्यु 25 दिसंबर 1994 को हुई। उन्होंने पंजाब से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। भारत के विभाजन के बाद नए बने राज्य पटियाला एवं पूर्वी पंजाब राज्य संघ में तात्कालिक मुख्यमंत्री ने उन्हें 1949 में राजस्व मंत्री नियुक्त किया एवं 1951 में उन्होंने कृषि मंत्रालय दिया गया। 3 अप्रैल 1956 से 10 मार्च 1962 तक राज्य के राज्यसभा सांसद रहे। जैल सिंह को 1972 में कांग्रेस ने पंजाब में मुख्यमंत्री के रूप में चुना। वे बचपन से बहुत ही शरारती थे, इस कारण वे हमेशा जेल जाते रहते थे। पंजाब का जेलर उन्हें जेल सिंह के नाम से पुकारता था और यह ज्ञानी जैल सिंह के नाम से प्रसिद्ध हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, नीरज कुमार उर्फ बाबू लोहार, डॉ सुचित विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### राशन वितरण में अनियमितता करने वाले दो डीलर हुए निलंबित

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह में राशन डीलर द्वारा गरीबों के राशन को डकारने का मामला प्रकाश में आया है। विभाग की जांच में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद संबंधित अधिकारी ने बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के दो राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ राम ने बताया कि चुंगरू पंचायत के राशन डीलर दशरथ राम और लात पंचायत के रोक तिग्गा को दो माह पूर्व जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा द्वारा शौकोज किया गया था। जानकारी एक अनुसार डीलर दशरथ राम ने वित्तीय वर्ष 2023 के नवंबर और दिसंबर तथा 2024 के जनवरी व फरवरी में हरा राशन कार्डधारियों का शत प्रतिशत राशन वितरण नहीं किया था। वहीं रोक तिग्गा ने जनवरी 2023 और नवंबर 2024 में राशन का वितरण नहीं किया था। जिस कारण दोनों डीलरो पर कारवाई की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त डीलरो का लाइसेंस सस्पेंड होने के बाद राशन वितरण की व्यवस्था की जिम्मेदारी नजदीक के राशन डीलर को दी जाएगी।

# टुंडी विधायक से चंद्रपुरा, दुगदा, जरीडीह को बोकारो कोर्ट से की जोड़ने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** टुंडी के झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक व मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से बोकारो के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मिलकर उनसे झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट विधानसभा में लाने की मांग की।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधान सभा से पास करवाने की मांग की। अधिवक्ता लालटू चरण महतो ने जनहित में चंद्रपुरा दुगदा जारीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की। अतुल कुमार ने अधिवक्ताओं के लिए इंश्योरेंस पॉलिसी लाने में पहल करने की बात कही। विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को विधानसभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे।

मौके पर सोमनाथ महतो, शंकर कुमार महतो, लालटू चरण महतो, शिव नाथ महतो, रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, शंकर दे, पिंटू मिश्रा, संजय कुमार प्रसाद, अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, चंदन कुमार कृष्ण देव प्रसाद, विकास कुमार राज, दीपिका सिंह, सुनीता कुमारी संजीत कुमार सिंह, मो हसनैन आलम, अनीश अंसारी, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी बीरेंद्र प्रसाद महतो, काली पद मांझी, अरूप चक्रवर्ती समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

# डीपीएस बोकारो में मनाया गया क्रिसमस






खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में क्रिसमस और नववर्ष के उत्सव पर विशेष असेंबली आयोजित की गई।

जगमगाते क्रिसमस ट्री और सितारों की आकर्षक सजावट के बीच छात्र-छात्राओं ने सुरीले गायन व नृत्य प्रस्तुतियां सहित आर्केस्ट्रा के साथ क्रिसमस कैरोल गाए और जिंगल बेल कैरोल पर ऊजार्वान नृत्य-प्रस्तुति से सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। उनके साथ सांता क्लॉज के वेश में सजे बच्चों ने झूम-झूम कर अपनी प्रस्तुतियों से सबको खूब लुभाया। असेंबली में लाल टोपी पहने हजारों विद्यार्थियों का जुटान अपने-आप में रमणीक बना रहा।

शिक्षकों ने भी क्रिसमस कैप पहनकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस क्रम में छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने गीत गाए और क्रिसमस के गानों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि क्रिसमस आज एक वैश्विक त्योहार बन चुका है।

यह हमें प्रेम स्नेह,सद्भावना और मानवता की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों को क्रिसमस एवं आगामी नववर्ष 2025 की अग्रिम शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने प्राचार्य को स्वनिर्मित आकर्षक क्रिसमस कार्ड भी भेंट किए और प्राचार्य ने उन्हें टॉफियां देकर प्रोत्साहित किया।

## एक नजर में

### पुलिस अधीक्षक ने चतरोचट्टी थाना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया



**बेरमो।** पुलिस अधीक्षक, बोकारो के नेतृत्व में मंगलवार को चतरोचट्टी थाना प्रभारी, क्यूआरटी टीम एवं चतरोचट्टी सैट के साथ चतरोचट्टी थाना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान नक्सली आसूचना संकलन, नक्सली सरेंडर पालिसी के तहत मिलने वाले लाभों का प्रचार-प्रसार किया गया, साथ ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़की चिदरी एवं मुरपा के बच्चों के बीच कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया।

### बाबा के दरबार अजमेर मे हाजिर लगाने के लिए खेतको से दो बसों से जायरिनो का जत्था रवाना



**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको से दो बस बुधवार को खेतको कर्बला मैदान से अजमेर के लिए रवाना की गया। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शब्बीर अंसारी, मुखिया अनवरी खातून, अंजुमन के सदर तनवीरूल कमर, अंजुमन सेक्रेटरी शमशेर आलम, डॉ रहमतुल्लाह, मुख्तार अंसारी, सलीम रजा,निजाम सरदार,अलाउद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, कुदूस अंसारी, नजीर अंसारी आदि लोगों ने नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के नारे के साथ खेतको कर्बला मैदान से अजमेर के लिए इस जत्थे को रवाना किया ।इस मौके में कांग्रेस नेता शब्बीर अंसारी व अंजुमन सदर तनवीरूल कमर ने कहा कि सभी साथ में रहेंगे और सभी जियारिन के पास गाड़ी के नंबर एवं मोबाइल नंबर की आदान प्रदान कर ले ताकि भीड़ भाड़ कोई खो न जाएं। सभी जियारीन से आरजू है कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चश्ती के मजार में हम लोगों की नेक व देश प्रदेश अमन व शांति के लिए दुआ करें साथ-साथ देश,राज्य पंचायत में अमन चैन बना रहे ताकि हम सभी हिंदुस्तानी भाई चारा को निभा सके।

### अब जल्द ही कथारा चौक को जाम की समस्या से मिलेगा निजात : ओपी प्रभारी



**बेरमो।** पिछले लंबे समय से कथारा चौक जाम की समस्या से जुझने को मजबूर था। मगर कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति की अथक प्रयास ने लाया रंग और लगातार सीसीएल कथारा जीएम संजय कुमार से बाइक, कार व सब्जी बिक्रेताओ को अलग से स्थान सुनिश्चित करने की मांग कर रहे थे। लगातार दबाव के बाद आखिरकार ओपी प्रभारी का प्रयास रंग लाया और सीसीएल जीएम के आदेश पर कथारा कोलियरी द्वारा डोजर की व्यवस्था कर कथारा कोलियरी परियोजना पदाधिकारी कार्यालय के समीप खाली स्थान को डोजरिग कर समतल किया गया। ताकि बाइक व कार से मार्केटिंग करने आये लोग इसी स्थान पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर सके साथ ही कथारा चौक पर मुख्य सड़क के किनारे बैठकर सब्जी बेचने वाले लोग भी उसी स्थान पर बैठ सब्जी बेचा करेगे। ज्ञात हो कि कथारा चौक में जाम की समस्या का मुख्य कारण यही दोनो बताया जाता है। मौके पर कथारा ओपी प्रभारी प्रजापति ने बताया कि इस कार्य में कथारा जीएम की सकारात्मक पहल से ही संभव हो सका। उन्होंने कहा कि अब कथारा चौक को जल्द ही जाम की समस्या से नजात मिलेगा। साथ ही उन्होंने बाइक व कार धारकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अब भी लोग अपनी गाड़ी कथारा चौक पर खड़ा करेगे तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अनि गुप्तेश्वर पांडेय, चालक आरक्षी सुनील कुमार, मो अमीर जमा, हरिकेष पटेल, सीसीएल सुरक्षा प्रभारी नागेश्वर नोनिया, इन्द्रनाथ कुमार, साहिल खान व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : घायल सीसीएल कर्मी की इलाज के दौरान मौत



बेरमो/जारंगडीह। पिछले दिनों ड्यूटी जाने के क्रम में सीसीएल कर्मी नारायण भईया और उनका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया था। पुत्र तो इलाज से ठीक हो रहा है मगर घायल सीसीएल कर्मी अपनी इलाज रांची से करवा रहा था। डाक्टर उन्हें यह कह कर घर भेज दिया कि वे 10 दिन बाद पुनः आये मगर इसी बीच बुधवार को सीसीएलकर्मी अपने आवास जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी में अंतिम सांस ली। इस घटना की खबर फैलते ही पुरे कॉलोनी मे मातम पसर गया और लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीएल की लापरवाही का भेंट चढ़ गया। बताता चलू कि बितेगा कुछ दिनों से जारंगडीह कांटा घर से लेकर जारंगडीह कोलियरी तक मुख्य सड़क पुरी तरह किचड़ की फिसलन से भरा पड़ा है और लगातार आने जाने वाले बाइक सवार इस फिसलन का शिकार हो कर गिर चोटिल हो रहे हैं। यह मौत भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। मगर इतना सब कुछ होने के बाद भी सीसीएल प्रबंधन की कुंभकर्णी निद्रा टुटने का नाम नहीं ले रही है।

### सैमसंग स्मार्ट प्लाजा फुसरो मे सेंटा बना आकर्षण का केंद्र



बेरमो। बेरमो के फुसरो बाजार के मेघदूत मार्केट स्थित सैमसंग स्मार्ट प्लाजा मे क्रिसमस के शुभ अवसर पर लगाया गया सेंटा क्लोज की प्रतिमा इन दिनो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतिमा को देखने तथा सैमसंग के उत्पाद खरीदने के लिए लोगो की भीड़ लगी रहती है। प्रोपराइटर रवि सिंह ने ग्राहको को क्रिसमस और आने वाले नव वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं दी। यह आयोजन क्रिसमस के उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत प्रतीक है। क्रिसमस का यह उत्सव सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

### जे पी मेडिकलस फुसरो मे लगाया गया निशुल्क किडनी जांच शिविर



बेरमो। फुसरो बाजार के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित जे पी मेडिकलस के द्वारा लगाया गया। जिसमे प्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुक्तेश्वर रजक ने 48 लोगो का जांच किया और उन्हे आवश्यक सलाह के साथ निशुल्क दवाईया भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी पेशे के लोग अपने कर्तव्य का निर्वहन कर अपने लिए धन उपार्जन करते है लेकिन कभी कभार निस्वार्थ सेवा भाव से जो कर्तव्य किया जाता है उससे काफी आत्म संतुष्टी मिलती है। जेपी मेडिकलस के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार वरणवाल ने कहा कि इस तरह का निशुल्क जांच शिविर आयोजित होता रहेगा। शिविर मे बिन्दू वरणवाल, विनय वरणवाल, अर्चना वरणवाल, कुंज बिहारी, मनोज चन्द्रवंशी, मदन खुराना, मोहम्मद कलीम आदि लोग मौजूद हुए।

# प्रभू ईशू का पूरा जीवन मानव सेवा के लिये समर्पित रहा : विधायक जयराम

## ईशू की जीवनी पर डाला प्रकाश, चर्च समिति ने किया जोरदार स्वागत

›› डुमरी विधायक ने जारंगडीह चर्च में क्रिसमस के रंगारंग कार्यक्रम का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह उतरी पंचायत स्थित क्रिश्चियन द्वारा स्थापित चर्च में बीते शाम से ही हैपी क्रिसमस की धूम देखी जा रही थी।

जहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरे धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ ईसाई समुदाय द्वारा क्रिसमस का जश्न मनाया गया। विशेष निमंत्रण पर डुमरी विधायक जयराम महतो अपने समर्थकों के साथ उक्त चर्च में पहुंचे जहां चर्च समिति ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके पहुचने के बाद वहां अनेको रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये जिसे देख खुद विधायक जी भी मंत्रमुग्ध नजर आये।

कार्यक्रम स्थल पर विधायक महतो के समर्थक खेतको, जारंगडीह, असनापानी, बोड़िया बस्ती आदि जगहों से दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे। हैपी क्रिसमस के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महतो ने प्रभू ईशू के जीवनी पर प्रकाश डालने के साथ साथ उनके बताये मार्ग पर चलने की बाते कही। उन्होंने कहा कि हर साल हम हैपी क्रिसमस के रुप में प्रभू ईशू का जन्मोत्सव मनाते हैं जरुरत है उनके सिद्धांतों पर अमल करने की। कहा कि प्रभू ईशू का पुरा जीवन मानव सेवा के इर्द-गिर्द ही धुमता रहा। कहा कि आप हम भी मानते हैं कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दुसरी सेवा नही फिर भी इसे अपने जीवन उतारने से कोशों दुर रहते हैं। जरुरत की उनके आदर्शों पर चलने की तभी हमारा और आपका जीवन सफल हो पायेगा।

इस मौके पर उक्त चर्च के पादरी डेविड जोसफ के अलावे जगदीश राय, मनोज महतो, पुरुषोत्तम महतो, सुरेंद्र सिंह, चिड़न महतो, प्रदीप ठाकुर, अमरेश महतो, सचिन तुरी, राजेश महतो, अरुण कुमार, बबलू तुरी आदि के अलावे सैकड़ों की संख्या में ईसाई समुदाय की महिला, पुरुष, युवक, युवतियां व बच्चे और बच्चियां उपस्थित थे।

### विकसित भारत के निर्माण के महानायक थे अटल : प्रकाश सिंह



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाषनगर स्थित भाजपा कार्यालय मे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वी जयंती मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भाजपा नेता प्रकाश सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हमारे देश की शान है। कहा कि अटल बिहारी वाजपेई राजनीति के आजाद शत्रु थे। उनके व्यक्तित्व का लोहा पूरे विश्व ने माना। पार्टी उनके जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। उनके कार्यकाल में भारत ने नई बुलंदियों को हासिल किया। कहा कि अटल जी के कार्यकाल में ही भारत देश परमाणु शक्ति संपन्न देश बना।

# डीपीएस चास में वार्षिक खेल दिवस 'स्पर्धा'-2024 संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में आयोजित 5 वें वार्षिक खेल दिवस समारोह स्पर्धा में सतलज सदन पहले गंगा सदन दूसरे और यमुना सदन तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट एथलीट के रूप में समूह दूसरी से बालक वर्ग में विनोद तथा तथा बालिका वर्ग में तन्वी समूह षष्ठ से बालक वर्ग में अनमोल कुमार तथा तथा बालिका वर्ग में कृतिका कृष्णन समूह नौवीं से बारहवीं के बालक वर्ग में सोमोदीप चौधरी बालिका वर्ग में अक्षरा कुमारी को चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन अतिथियों में विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन-एन मुरलीधरन डीएस मेमोरियल सोसायटी के सचिव सुरेश अग्रवाल निदेशिका-डॉ मनीषा तिवारी सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ मोहन ने कहा कि खेल शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण अंग ही नहीं बल्कि स्वयं में सम्पूर्ण शिक्षा है।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि खेल हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ करियर बनाने का भी विकल्प देता है। संचालन विवेक कुमार व शिप्रा द्विवेदी के निर्देशन में कुमार मंगलम स्नेहा कुमारी रिषुराज कुमार तथा कृशांक तरेनिया ने किया।

# विधायक श्वेता सिंह ने जनहित के मुद्दों पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी से की वार्ता

**विधायक ने अप्रेंटिस परीक्षा में विस्थापित अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक देकर अप्रेंटिसशिप सहित अन्य परीक्षाओं में प्राथमिकता देने पर जोर दिया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह और किम्स नेता संग्राम सिंह के साथ एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी से मिला और विधानसभा क्षेत्र में जुड़ी जनसमस्याओं के निराकरण के मुद्दे पर वार्ता की। विधायक सिंह ने कहा कि नगर के सेक्टर12 ई से पुनर्वास क्षेत्र तेलीडीह बांधगोड़ा को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति होने के कारण जनता को काफी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। उन्होंने विस्थापितों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 500 शॉप/प्लॉट विस्थापितों को जल्द से जल्द अलॉट करने की भी मांग की जिससे शहर सुंदर भी दिखेगा और लाभुकों द्वारा बिजली बिल एवं रेंट का भी भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा विधायक ने अप्रेंटिस परीक्षा में विस्थापित अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक देकर अप्रेंटिसशिप सहित अन्य परीक्षाओं में प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वार्ता के दौरान सिंह ने अप्रेंटिसशिप कर चुके विस्थापित युवाओं की उम्र सीमा को देखते हुए उन सभी युवाओं को सूचीबद्ध कर उन्हें रोजगार से जोड़ने पर बल दिया। इसके साथ ही बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण हेतु 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने तथा मजदूर हित में बोकारो में ईएसआईसी अस्पताल के नवनिर्माण के लिए जल्द से जल्द भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की ताकि मजदूरों के स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान सहूलियत से हो सके।

### तेनू डैम पिकनिक स्थल पर मेले का शुभारंभ





**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** कोयलांचल एवं बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट स्थित विश्व प्रसिद्ध अर्ध डैम के पास 25 दिसंबर से 25 जनवरी 2025 तक भव्य मेला का आयोजन किया गया है। प्राकृतिक के गोद में बसा तेनुघाट डैम के हसीन वादियों में खूबसूरती बिखेर रही है तथा डैम के आसपास के क्षेत्रों में हरियाली के साथ चिड़ियों की चिहचिहाती आवाजों से लोगो को मनमोहक बना देती है। कहीं कहीं मोरो को फंख फैला कर नाचना खूबसूरती में चार चांद लगा दे रही है। इन दिनों नई वर्ष के मौके पर पिकनिक के लिए पर्यटकों का सबसे पसंदीदा स्थल बन गया है तेनुघाट। नौका विहार एवं बच्चों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार का झूला लगाया गया है।अभी से ही पिकनिक के लिए लगनी लगी है भीड़। यहां पिकनिक मनाने के लिए विहार,बंगाल, एवं झारखंड के विभिन्न जिलों से लोग तथा स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं आते हैं प्रति दिन।

# गोड्डा उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों ने पूनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित कर अपनी पहचान बनाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज के चीफ मिनिस्टर स्कूल आफ एक्सीलेंस सह पूर्व के गोड्डा हाई स्कूल के 1978 बैच से पास आउट मैट्रिक के छात्रों ने 25 दिसंबर को एक रीयूनियन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में पूरे देश से पुराने छात्रों ने हिस्सा लिया। इनमें बड़ी संख्या में लोग अवकाश प्राप्त भी कर चुके हैं। गुजरात में ओएनजीसी के चीफ जनरल मैनेजर रह चुके राजीव कुमार, नॉर्थ ईस्ट में रह चुके न्यायाधीश विकास कुमार, एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में चीफ जनरल मैनेजर के पद पर रह चुके राजीव सत्यकाम, बिहार के कमर्शियल टैक्स कमिश्नर रह चुके हीरा सहित दर्जनों पूर्ववर्ती छात्रों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं यहां विभिन्न तरह के कल्याण कार्य करने की इच्छा जताई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची के प्रख्यात किडनी विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार वैद्य एवं इंडस्ट्री ऑफिसर सुशील कुमार बरीयार आदि ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में इन पूर्ववर्ती छात्रों के परिवार के लोग, नाती-नतनी, पोते-पोतियों ने भी हिस्सा लिया। प्लस टू हाई स्कूल के 1978 के पूर्ववर्ती छात्रों के समूह द्वारा कुछ दिनों पहले एक मेगा हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया था, जिसमें छात्र, छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाओं आदि ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। 1978 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा प्रति वर्ष प्लस टू स्कूल में कार्यक्रम एवं मिलन समारोह आयोजित किए जाते हैं जिसमें 50 से ज्यादा पूर्ववर्ती छात्र सम्मिलित होते हैं। इन पूर्ववर्ती छात्रों में अब्दुल कलाम, गणेश यादव, गणेश पंडित, रघु पंडित, गोपाल पंडित, स्नेहसीश सरकार, इबरार, रंजन कुमार, फोनी चौधरी, कौशल किशोर दुबे आदि शामिल थे।

# श्रम शक्ति की कमी के कारण उत्पादन होगी प्रभावित : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** एशिया का सबसे बड़ा वाशरी का श्रेय कथारा क्षेत्र के अंतर्गत कथारा वाशरी प्रतिष्ठान को जाता है। कथारा वाशरी उत्पादन और उत्पादकता के लिए आज भी उपयोगी है। और निरंतर उत्पादन तथा डिस्पैच में अववल स्थान में है। वित्तीय वर्ष 2024 -2025 में इसके उत्पादन और उत्पादकता के लिए श्रम शक्ति के तहत 506 कर्मचारियों की आवश्यकता रही है। वही 507 कर्मचारी कार्यरत थे। यथार्थ एक कर्मचारी सर प्लस कर्मचारियों के तहत थे। लेकिन दिसंबर माह में कर्मचारियों की संख्या 475 रह गई है। स्वीकृत मैनपॉवर के तहत 31 श्रमिकों की आवश्यकता है। जबकि दूसरी ओर जहां 31 श्रमिकों की आवश्यकता है। ऐसे में आवश्यकता के अनुसार उत्पादन को सुचारू रूप से चलने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कमी है। जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित कर मेन पावर की कमी को दूर कर उत्पादन उत्पादकता को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है।

### स्कूल के वार्षिक महोत्सव में विधायक उमाकांत रजक ने बच्चों को किया पुरस्कृत



**बोकारो।** चंदनकियारी सिल्फोर राजातांड स्थित संत स्टीफन कारमेल असेंबली स्कूल के वार्षिक महोत्सव सह स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थी एवम अभिभावक गण मौजूद रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्दनकियारी विधायक उमाकांत रजक एवम बोकारो रक्तवीर परिवार के संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा की उपस्थिति में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विधायक उमाकांत रजक ने बच्चों को उनकी उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया और कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे स्कूलों को होना बहुत ही जरूरी है। यहाँ पर ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके- इसके लिए विद्यालय को प्रयत्न करना पड़ेगा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राजलक्ष्मी मुखर्जी ने कहा कि विद्यालय का एक ही लक्ष्य है अच्छी शिक्षा प्रदान करना। वार्षिक महोत्सव को सफलता पूर्वक संपन्न करने में स्कूल की मेधा दीपक सोमनाथ अजीत अनु,पिंकी सुजाता संध्या शिवानी माधुरी शिप्रा हरजीन्दर पूर्णिमा सहित सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

